

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 05 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-07 ■ वर्ष -42 ■ अंक-157 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 06 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## आयोगों का काम सिर्फ सिफारिश करना, कोर्ट बनकर फैसला न सुनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बिलासपुर,5 सितंबर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य के वैधानिक आयोगों की शक्तियों को लेकर अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने साफ कहा है कि आयोग और आयोग सलाह और सिफारिश देने वाली संस्थाएं हैं, अदालत नहीं। आयोग किसी निजी विवाद में पक्षकारों के कानूनी अधिकार, देनदारी या मुआवजे की राशि का अंतिम फैसला नहीं कर सकते। कोर्ट ने यह टिप्पणी महिला और पिछड़ा वर्ग आयोग के मामले में की। कोर्ट ने इनके फैसलों को भी रद्द कर दिया। हाईकोर्ट के सामने ऐसे दो मामले पहुंचे, जिनमें आयोगों ने अपने अधिकार क्षेत्र से आगे जाकर आदेश या सिफारिश की थी। एक मामले में राज्य महिला आयोग ने गैस पाइपलाइन के लिए जमीन के इस्तेमाल और मुआवजे के विवाद में तीन आदेश जारी किए थे। दूसरे मामले में पिछड़ा वर्ग आयोग ने करीब 21 लाख रुपए के हार्वेस्टर विवाद में डीलर से मुआवजा वसूलने की सिफारिश की थी। दोनों मामलों में अदालत ने आयोगों की शक्तियों की सीमा स्पष्ट कर दी।



पहला मामला गेल की रायपुर-भाठागांव गैस पाइपलाइन से जुड़ा है। जमीन के इस्तेमाल और मुआवजे को लेकर विवाद था। गेल की ओर से कहा गया था कि जमीन अधिग्रहण से जुड़ी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और मुआवजा भी निर्धारित किया जा चुका है। इसके बावजूद महिला आयोग ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए मुआवजा बढ़ाने और उसका भुगतान करने के निर्देश दिए। आयोग ने पाइपलाइन बिछाने का काम रोकने की बात कही और गेल के महाप्रबंधक सुरेश बाबू और ज्वाइंट कलेक्टर ऋतु हेमनानी के खिलाफ आपराधिक और दीवानी कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। मामला हाईकोर्ट पहुंचा तो जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की बेंच ने महिला आयोग के 19 जून 2025, 6 जुलाई 2026 और 8 जुलाई 2026 के तीनों आदेश निरस्त कर दिए। कोर्ट ने कहा कि आयोग के पास भूमि अधिग्रहण, मुआवजा तय करने या निजी पक्षों के कानूनी अधिकारों का न्यायिक निर्धारण करने की शक्ति नहीं है। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के उस सिद्धांत का भी उल्लेख किया, जिसके मुताबिक आयोग किसी शिकायत पर कार्रवाई की मांग या सिफारिश कर सकता है, लेकिन वह पक्षकारों के अधिकारों का अंतिम फैसला नहीं कर सकता।

### 21 लाख के हार्वेस्टर विवाद में पिछड़ा वर्ग आयोग भी घिरा

दूसरा मामला दुष्यंत प्रकाश नाग बनाम छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित है। दुष्यंत प्रकाश नाग ने हार्वेस्टर खरीदने के लिए 31 जुलाई 2020 को 30 हजार रुपए एडवांस दिए थे। इसके बाद 9 सितंबर 2020 को उन्होंने 20.70 लाख रुपए की बाकी रकम भी चुका दी। आरोप था कि पूरी रकम देने के बावजूद उन्हें हार्वेस्टर नहीं दिया गया। इस शिकायत पर पिछड़ा वर्ग आयोग ने संबंधित डीलर कमला मोटर्स के संचालक से मुआवजा वसूलने की सिफारिश की। कमला मोटर्स ने आयोग की कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती दी।

## झीरम घाटी नक्सली हमला मामले में 10 आरोपी दोषी करार

रायपुर,5 सितंबर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित झीरम घाटी नक्सली हमले से जुड़े मामले में आज बड़ा फैसला सामने आया है। एनआईए की विशेष अदालत ने मामले में सुनवाई के बाद 10 आरोपियों को दोषी करार दिया है। करीब 13 साल पुराने इस मामले के फैसले पर पूरे छत्तीसगढ़ की नजर टिकी हुई थी। 25 मई 2013 को झीरम घाटी में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के काफिले पर नक्सलियों ने हमला किया था। इस हमले में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं समेत 27 लोगों की मौत हुई थी। एनआईए ने मामले की जांच अपने हाथ में लेने के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। मामले में कुल 11 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन चला था, जिनमें से एक आरोपी की सुनवाई के दौरान मौत हो गई। अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से 101 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए और अंतिम बहस के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया था। अब अदालत के फैसले के बाद इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की दिशा भी तय होगी। झीरम हमले में जान गंवाने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं के परिजनों की निगाहें भी इस फैसले पर टिकी हुई थीं।

**सभी 10 आरोपियों के नाम**

**प्रमिला कोडियाम उर्फ ज्योति**
**बंजामी उर्फ सन्ना**
**अयाता मरकाम / अयाता माड़कम**
**मुक्का मंडावी**
**मड़कामी देवा**
**कवासी कोसा**
**चौतू उर्फ मुन्ना**
**कोसा कवासी**
**महादेव नाग**




सुमित्रा (जिसे बाद में गिरफ्तार किया गया था) / या अन्य सह-आरोपी जो इस ट्रायल का हिस्सा रहे.

**कई बड़े नेताओं समेत 31 लोगों की मौत हुई थी**–25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की 'परिवर्तन यात्रा' का काफिला सुकमा में बड़ी सभा के बाद लौट रहा था. इसी दौरान झीरम घाटी के घने जंगलों में हथियारबंद माओवादियों ने काफिले पर हमला कर दिया. इस हमले में कांग्रेस के कई बड़े नेताओं समेत 31 लोगों की मौत हुई थी. मरने वालों में तत्कालीन छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, उनके बेटे दिनेश पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सलवा जुडूम के प्रमुख चेहरों में शामिल महेंद्र कर्मा और पूर्व विधायक उदय मुदलियार शामिल थे. हमले में कई सुरक्षाकर्मी और कांग्रेस कार्यकर्ता भी मारे गए थे. गंभीर गोली लगने के बाद इलाज के दौरान विद्याचरण शुक्ल की भी मौत हो गई थी.

**अदालत ने कुल 101 गवाहों के बयान दर्ज किए**–एनआईए ने इस मामले में 25 सितंबर 2014 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी. इसमें गिरफ्तार किए गए 9 आरोपियों के नाम शामिल थे.

### गाजियाबाद की बैग फैक्ट्री में भीषण आग

**गाजियाबाद,5 सितंबर।** लोनी के टोनीका सिटी थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक बैग बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई. आग इतनी भयंकर थी कि उसकी लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं और आसपास के इलाके में धुएं का गुबार फैल गया. बताया जा रहा है कि फैक्ट्री के अंदर बड़ी मात्रा में रेक्सिन, फोम, कपड़ा और केमिकल रखा हुआ था, जिसकी वजह से आग ने कुछ ही मिनटों में पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया. प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है.

## अमेरिका ने तबाह कर दिया ईरान का टैंकर

**वाशिंगटन,5 सितंबर।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर चरम की ओर जा रहा है। इसी बीच ईरानी मीडिया ने खर्ग द्वीप पर बड़े हमले का दावा किया है। जानकारी के मुताबिक खर्ग द्वीप के पास जोरदार धमाके सुने गए हैं। ये धमाके वहीं हुए हैं जहां तेल का मुख्य हब है। एसएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक खर्ग द्वीप के पास ही ईरान के टैंकर को निशाना बनाया गया है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अमेरिका ने ईरान के टैंकर को ही निशाना बनाया है या फिर खर्ग द्वीप पर भी तबाही मचाई है। बीते दिनों अमेरिका ने एआई वीडियो जारी करते हुए दावा किया था कि खर्ग द्वीप को तबाह करके टुकड़े-टुकड़े कर दिया गया है। हालांकि ईरान ने अमेरिका के इस दावे को खारिज कर दिया था। अमेरिका एक तरफ युद्ध की आग भड़काता ही जा रहा है और दूसरी तरफ दावा कर रहा है कि यह युद्ध नहीं है। वेंस से अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पूछा गया कि क्या तीन नवंबर को होने वाले संसदीय चुनाव से पहले युद्ध समाप्त हो सकता है जिसके जवाब में उन्होंने कहा, ''मैं इसे युद्ध नहीं कहूंगा। फिलहाल सक्रिय गोलीबारी नहीं हो रही है।''



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संघर्ष को ''मामूली बात'' करार दिया और देश के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस के इस बयान से सहमति जताई कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को ''युद्ध'' नहीं कहा जा सकता। ट्रंप ने 'ओवल ऑफिस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय) में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान वेंस की एक दिन पहले की टिप्पणियों के बारे में सवाल किए जाने पर कहा कि ईरान पर अमेरिकी हमले अब ''रुक-रुककर'' हो रहे हैं। उन्होंने इस संघर्ष की गंभीरता को कम दिखाने की कोशिश की जबकि इस युद्ध पर अमेरिकी करदाताओं के 37.5 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक खर्च हो चुके हैं और अमेरिका के 18 सैन्यकर्मियों की मौत हुई है।

## एनटीपीसी कोरबा की सभी सातों इकाइयां बंद

### छग समेत अन्य राज्यों में बिजली आपूर्ति बाधित

**कोरबा,5 सितंबर।** इलेक्ट्रिकल खराबी के कारण बंद हुई कोरबा एनटीपीसी पावर प्लांट की सभी सातों इकाइयां को शनिवार सुबह तक ठीक नहीं किया जा सका है. सातों इकाइयों के बंद होने से न छत्तीसगढ़ समेत दूसरे प्रदेशों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है. बताया गया कि पावर ग्रिड कार्पोरेशन द्वारा ब्रेकर की जांच के दौरान आई इलेक्ट्रिकल खराबी के कारण सभी इकाइयां ट्रिप हो गई हैं. सभी इकाइयों को फिर से चालू करने की प्रक्रिया चल रही है और उम्मीद है कि यह देर रात तक पूरी हो जाएगी. बताया गया कि सभी सात इकाइयों में बिजली गुल जैसी स्थिति पैदा हो गई है, जिससे बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ है. बहाली की प्रक्रिया चल रही है, और इकाइयों को एक-एक करके फिर से चालू किया जाएगा.बता दें कि एनटीपीसी कोरबा की स्थापित क्षमता लगभग 2,600 मेगावाट है। इसमें 500 मेगावाट की चार इकाइयां और 200 मेगावाट की तीन इकाइयां हैं. इस संबंध में आज सुबह जब



एनटीसीपी कोरबा जनसंपर्क अधिकारी उषा घोष से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि संयंत्र की बंद इकाइयों को सुधारने का कार्य जारी है. इस संबंध में शाम तक अपडेट दिया जाएगा.

## हॉस्टल में रैगिंग के नाम पर 2 छात्रों का फोड़ा सिर

**अंबिकापुर,5 सितंबर।** सरगुजा जिले के अंबिकापुर स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में 11वीं कक्षा के दो छात्रों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. आरोप है कि 12वीं कक्षा के छात्रों ने लोहे के कड़े से दोनों छात्रों के सिर पर हमला किया, जिससे वे घायल हो गए. घटना की जानकारी परिजनों को उस वक्त हुई, जब मामला पुलिस थाने पहुंचा. परिजनों ने घटना को लेकर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की है. दरअसल, घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र के प्रयास आवासीय विद्यालय का हैं. जहां 3 सितंबर की रात 11:30 से 12 बजे के बीच स्कूल हॉस्टल में 12वीं कक्षा के कुछ छात्रों ने रैगिंग के दौरान 11वीं कक्षा के दो छात्रों के सिर फोड़ दिए. मौके पर दोनों छात्र बेहोश हो गए. आरोप है कि लहूलुहान हालत के बावजूद प्रबंधन ने घायल छात्रों के परिजनों को सूचना नहीं दी. मामले में पुलिस से शिकायत के बाद परिजनों को सूचना मिली.

## मोहन भागवत के ब्रिटेन दौरे पर विरोध के बीच आरएसएस ने कहा- बातचीत के लिए तैयार

**लंदन,5 सितंबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संघ प्रमुख मोहन भागवत के ब्रिटेन दौरे के दौरान हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच कहा है कि वह विरोध करने वाले सभी नागरिक समाज समूहों से बातचीत के लिए तैयार है। संघ ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी राय रखने की स्वतंत्रता है और अलग-अलग विचार सामने आना सामान्य बात है। आरएसएस के मीडिया प्रभारी सुनील अंबेडकर ने लंदन में पत्रकारों से कहा कि संघ शांति, एकता और एकजुटता के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग बातचीत करना चाहते हैं, संघ उनसे संवाद के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि संघ को अपने विचारों और कामकाज को लेकर कुछ भी छिपाने की जरूरत नहीं है। भागवत 2 से 7 सितंबर तक ब्रिटेन के दौरे पर हैं। यह उनके तीन देशों के शताब्दी आउटरीच कार्यक्रम का अंतिम चरण है। इससे पहले अमेरिका दौरे के दौरान भी विरोध प्रदर्शन हुए थे।



ब्रिटेन के करीब 20 नागरिक समाज संगठनों ने लंदन के मेयर सादिक खान को पत्र लिखकर भागवत के कार्यक्रम की निंदा करने और आयोजन के लिए स्थल उपलब्ध नहीं कराने की मांग की है।

## जलवायु मुआवजे की मांग हमने नहीं की : नेपाल

**कांठमाडु,5 सितंबर।** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने नेपाल में पिछले हफ्ते आई भयानक अचानक बाढ़ के बाद जलवायु मुआवजे की मांग वाली बात पर यू-टर्न लिया. उन्होंने साफ किया है कि नेपाल या फिर कोई भी प्रतिनिधि ने भारत, चीन या अमेरिका से जलवायु से जुड़े नुकसान का मुआवजा नहीं मांगा है. मंत्री शिशिर खनाल ने उन खबरों को खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि नेपाल ने अपने पड़ोसी देश से जलवायु क्षतिपूर्ति की औपचारिक मांग की है.शुरुआती बयानों और मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि नेपाल ने बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक देशों में शुमार भारत, चीन, अमेरिका से मुआवजे की मांग की है.नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने उन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें दावा किया गया था कि नेपाल ने हालिया विनाशकारी बाढ़ के बाद भारत से जलवायु मुआवजे की मांग की थी और कहा था कि हम उस संकट की कीमत चुका रहे हैं,

## कलेक्टोरेट स्थित मस्जिद पर चला बुलडोजर, इकरा हसन समेत कई नेता हाउस अरेस्ट; फोर्स तैनात

सहारनपुर,5 सितंबर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में जिला अदालत के आदेश पर मस्जिद पर बुलडोजर ऐक्शन हुआ है। मस्जिद गिराए जाने को लेकर गरम होते सियासी माहौल के बीच प्रशासन ने समाजवादी पार्टी सांसद इकरा हसन को हाउस अरेस्ट कर लिया। सांसद सहारनपुर जाने की तैयारी कर रही थीं, इसी दौरान रात में भारी संख्या में पुलिस बल उनके कैराना स्थित आवास पर पहुंच गया और उन्हें बाहर जाने से रोक दिया। कुछ अन्य नेताओं को भी हाउस अरेस्ट किए जाने की बात आ रही है। इकरा हसन ने आरोप लगाया है कि प्रशासन ने उनके आवास पर रात में भारी पुलिस बल तैनात कर उन्हें बाहर निकलने से रोक दिया है। उन्होंने इसे हाउस अरेस्ट बताते हुए सवाल उठाया है कि क्या है जनता की आवाज उठाना, उनके मुद्दे पर अधिकारियों से मिलना अब अपराध हो गया है। इकरा हसन ने कहा कि इस तरह जनप्रतिनिधियों को रोककर उनकी आवाज नहीं दबाई जा सकती है। इकरा हसन ने कहा कि वह मस्जिद प्रकरण के संबंध में अधिकारियों से मुलाकात कर क्षेत्र की जनता की आवाज उनके सामने रखना चाहती थीं, लेकिन उन्हें घर से बाहर निकलने तक नहीं दिया गया। बता दें कि सहारनपुर जिला जज की अदालत ने चार सितंबर को सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्ष की अपील खारिज कर दी थी। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पेश किए गए सबूतों की जांच के बाद मस्जिद अवैध घोषित करने वाले सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश को जिला जज की कोर्ट ने बरकरार रखा। इसके पहले 17 जुलाई को सिटी मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने मस्जिद को गिराने का आदेश दिया था।



रातभर चली बेदखली और सीलिंग की कार्रवाई के बाद प्रशासन ने शनिवार को सुबह-सुबह ध्वस्तीकरण के दौरान कलेक्ट्रेट के आसपास सुरक्षा और बढ़ा दी। कई थानों की पुलिस के साथ पीएसी तैनात रही और कलेक्ट्रेट के सभी प्रवेश द्वार बंद कर दिए गए। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत 10 से ज्यादा थानों की फोर्स को कलेक्ट्रेट के आसपास लगाया गया। मस्जिद और उसके आसपास के क्षेत्र में पुलिस की निगरानी लगातार बनी रही। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।सहारनपुर कलेक्ट्रेट में मस्जिद पर बुलडोजर ऐक्शन के बाद नगर निगम के आधा दर्जन से अधिक डंपर मलबा लेकर कलेक्ट्रेट से बाहर निकले। ध्वस्तीकरण के दौरान कलेक्ट्रेट में 10 से ज्यादा थानों की फोर्स और पीएसी तैनात रही। डीआईजी अभिषेक सिंह ने कहा कि अदालत के आदेश के क्रम में निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर कानूनी कार्रवाई के तहत ध्वस्तीकरण हो रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने पाया था कि यह मस्जिद सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई थी। इसके बाद मस्जिद कमेटी ने अपील की थी जो जिला अदालत से खारिज कर दी गई।

### विदाई समारोह में भावुक हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा

**इमारतें नहीं, न्याय का पवित्र मंदिर हैं अदालतें**

**बिलासपुर,5 सितंबर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा विदाई



समारोह में भावुक हो गए. उन्होंने कहा कि अदालतें सिर्फ ईंट-पत्थर की इमारत नहीं हैं. बल्कि आम आदमी की उम्मीद और न्याय का पवित्र मंदिर हैं. पद और इंसान अस्थायी हैं, लेकिन न्यायिक संस्थाएं स्थायी रहें. इसके साथ उन्होंने न्यायिक संस्थाओं की साख और निष्पक्षता बनाए रखने पर जोर दिया. सेवानिवृत्त होने के उपरांत आयोजित विदाई समारोह में चीफ जस्टिस सिन्हा ने अपने उद्बोधन में अपनी सफलता का श्रेय पत्नी शालिनी सिन्हा को दिया. उन्होंने कहा कि परिवार का प्यार, समझदारी और त्याग मेरी सबसे बड़ी ताकत रही. हर चुनौती का सामना करने का हौसला परिवार से मिला. बता दें कि 29 मार्च 2023 को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने जस्टिस रमेश सिन्हा को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई थी. करीबन साढ़े तीन साल के कार्यकाल के बाद 4 सितंबर 2026 वे सेवानिवृत्त हुए. इस अवधि में चीफ जस्टिस सिन्हा ने 50 हजार 228 मामलों का निपटारा किया. इनमें 369 से ज्यादा नजीर बनने वाले फैसलों का भी रिकॉर्ड रहा.

### महानदी खनन पर बड़ा एक्शन, सारे पट्टे रद्द

**बिलासपुर,5सितंबर।** महानदी में अवैध खनन और मलबा डालने के मामले में राज्य सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। आरंग तहसील के निसदा गांव से जुड़े मामले में जांच के बाद दोषी पाए गए सभी खनन पट्टेदारों के पट्टे रद्द कर दिए गए हैं। सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि फिलहाल इस इलाके में कोई खनन लीज संचालित नहीं है। मामला निसदा निवासी ओमप्रकाश सेन की जनहित याचिका से जुड़ा है। याचिका में लीज क्षेत्र से बाहर पेविंग स्टोन के अवैध खनन, सरकारी जमीन पर कब्जे और खनन का मलबा महानदी में डालने के आरोप लगाए गए थे। जांच के दौरान पर्यावरण संरक्षण मंडल ने खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। सरकार की कार्रवाई के बाद हाईकोर्ट ने माना कि जरूरी कदम उठाए जा चुके हैं और याचिका का निराकरण कर दिया। हालांकि कोर्ट ने अधिकारियों को निगरानी में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी है।

### बंगाल में एक साल के अंदर RSS के 1000 स्कूल खुलेंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के CM शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को यह घोषणा की है कि बंगाल में अगले एक साल के भीतर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की शिक्षा शाखा 'विद्या भारती' के जरिए कम से कम 1,000 नए स्कूल खोले जाएंगे और मदरसा शिक्षा के लिए कोई अलग प्रशासन नहीं होगा. मुख्यमंत्री ने खास तौर पर मुर्शिदाबाद और दक्षिण 24 परगना में स्कूलों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया.

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुए सांसद विजय बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 5 सितम्बर। यादव समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यादव कल्याण परिषद सेक्टर-7, युवा यादव कल्याण परिषद सेक्टर-6, भिलाई यदुवंशी कल्याण संघ जवाहर नगर तथा ब्रजमंडल गीता भवन श्री राधा-कृष्ण मंदिर सेक्टर-6 में आयोजित कार्यक्रमों में सांसद विजय बघेल शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। विभिन्न आयोजक संस्थाओं की ओर से सांसद विजय बघेल का गजमाला, शाल-श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रमों में बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही आकर्षक एवं भव्य झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। ब्रजमंडल के आयोजन में शिव शक्ति डांस एकेडमी की निदेशक श्रीमती सुनेयना के निर्देशन में प्रस्तुत कृष्ण लीला की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अधर्म और अत्याचार का नाश कर धर्म की स्थापना का संदेश दिया। उनके कर्मयोग और धर्म के मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि भिलाई मिनी भारत है, जहां विभिन्न समाज अपने तीज-त्योहार उत्साह और उमंग के साथ मनाते हैं, लेकिन हमारी भारत माता एक है। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। युवा यादव कल्याण परिषद के आयोजन में सांसद बघेल ने सुख के सब साथी, दुख में न कोई भजन भी प्रस्तुत किया।

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल का जन्मदिन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





कवर्धा, 5 सितम्बर। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल के जन्मदिवस पर सुबह से ही फोन पर एवं उनके निवास पर बधाईयों का तांता लगा रहा दिखा। सर्वप्रथम हरीतिमा टीम के सदस्यों के साथ पौधा रोपण कर कन्हैया अग्रवाल ने पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए प्रदेशवासियों एवं जिले वासियों से अपील की प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाएं। बधाई देने वालों में पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीराम साहू, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल, जिला कांग्रेस कमेटी महिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनत, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष राज कुमार तिवारी, कवर्धा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, कुर्मी समाज अध्यक्ष सतीश चंद्रवंशी, बिजनेसमैन कैलाश शर्मा, बिज़नेसमैन घनश्याम गुप्ता, बिजनेस मैन सुखनंदन चंद्रवंशी, बिजनेस मैन भावेश दुबे कवर्धा शहर अध्यक्ष अशोक ठाकुर, कांग्रेसी नेता शांति लाल साहू, कांग्रेसी नेता मन्नू चंद्रवंशी, कांग्रेसी नेता डाकोर चंद्रवंशी, सेवादल जिलाध्यक्ष पदुम सेन, भागीराम साहू, राम संजीवन धुर्वे, जितेंद्र चंद्रवंशी, हीरा बघेल सहित हजारों कार्यकर्ताओं समर्थकों ने गुलदस्ता भेंटकर फूलों की माला पहनाकर मिठाई खिलाकर पूर्व क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई दी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कन्हैया अग्रवाल ने हरीतिमा टीम के सदस्यों एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ साथ कांग्रेसी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को बैग भेंटकर सम्मानित किया।



भिलाई, 5 सितम्बर। भक्ति में सराबोर हुआ मंदिर परिसर। सेक्टर-9 अस्पताल के हनुमान मंदिर में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

## एक नजर

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



भिलाई, 5 सितंबर (तछसं.)। बीएसपी से स्क्रैब कॉपर केबल पार करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है भट्ठी टीआई दिलेश्वर चंद्रवंशी ने बताया कि केओसुब इकाई बीएसपी ने पुलिस में शिकायत किया था कि प्लांट के भीतर कुछ युवक प्रवेश कर 100 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर केबल को कार में लोड कर चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। विवेचना के दौरान भट्ठी थाने पुलिस ने शंकर पारा, स्टेशन मरोदा नेवई निवासी हरीश बाग, पटेल नगर, वार्ड 22, स्टेशन मरोदा दीपक ठाकुर, बजरंग पारा, वार्ड 21, स्टेशन मरोदाप्रेम बंजारे उर्फ गुड्डू, इस्पात नगर, रिसाली नेवई अंकुश ठाकुर उर्फ नौव्वा, वार्ड 21, स्टेशन मरोदा प्रीतम कुमार उर्फ पंचू को गिरफ्तार किया गया इनके पास से पुलिस ने 100 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर केबल 50 हजार रुपए का और 4 मोबाइल 30 हजार रुपए का जब्त किया है कुल सामानों की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### सट्टा संचालक बंदी



भिलाई, 5 सितंबर (तछसं.)। यू ट्यूब पर सट्टा के कारोबार को बढ़ावा देने के नाम पर अंशु मटका, राजधानी कल्याण के अंको का भविष्यवाणी का वीडियो बनाकर चैनल में अपलोड कर प्रसारित करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पाटन एसडीओपी प्रांशु तिवारी ने बताया कि पुलिस को सूचना पर डूमरडीह बस स्टैण्ड उतई के पास युवक का मोबाइल फोन की जांच की गई। संदेह लगने पर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम बड़े पारा, जय स्तंभ चौक, डुमरडीह उतई निवासी रवि चेलक बताया है। हिरासत में लेकर यू ट्यूब चैनल के बारे में जांच करने पर सट्टा-मटका के अंकों का प्रचार-प्रसार कर सट्टा गतिविधि संचालित करने की जानकारी मिली सट्टा-मटका के अंकों की भविष्यवाणी का युवक वीडियो बनाकर अपलोड और सार्वजनिक रूप से प्रसारित कर रहा था घेराबंदी कर रवि चेलक को गिरफ्तार किया है आरोपी के पास से दो मोबाइल, चैनल अकाउंट के माध्यम से राजधानी नाईट कल्याण जोड़ी, सट्टा-मटका के अंकों की वीडियो मिला। सारे डिजिटल साक्ष्य और मोबाइल को जब्त किया गया उतई थाने पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 6 (क), 7 (1), 11, छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई ।

### पिस्टल लेकर घूम रहे तीन युवक गिरफ्तार



भिलाई, 5 सितंबर (तछसं.)। भिलाई पिस्टल लेकर घूम रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया मुखबिर ने सूचना दी कि 32 बंगला चौक के पास रेलवे लाइन वाले कच्चे रास्ते में तीन युवक अवैध हथियार लेकर खड़े है मौके पर पहुंची भिलाई नगर पुलिस ने घेराबंदी कर 32 बंगला उड़िया बस्ती, भिलाईनगर निवासी सूरज ताण्डी, रायपुर नाका दीपक दास उर्फ सिब्बु, महेश ताण्डी को गिरफ्तार किया है आरोपियों के पास से पुलिस ने पिस्टल व कारतुस जब्त किया है जिसकी कीमत 2.1 लाख रुपए आंकी गई है भिलाई नगर थाने पुलिस ने सूरज के पास से पिस्टल, दीपक दास, महेश के पास एक-एक पिस्टल कारतूस बरामद हुआ 32 बंगला संवेदनशील क्षेत्र है जहां पुलिस अफसरों , जनप्रतिनिधियों और आईजी कार्यालय तक है। रेलवे लाइन के किनारे हथियार लेकर घूमने वाले युवकों के मिलने के बाद पुलिस ने जांच का दायर बढ़ा दिया है ।

### जिले में अब तक 698.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

दुर्ग, 5 सितम्बर । जिले में 1 जून 2026 से 04 सितम्बर 2026 तक 698.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 913.1 मिमी तहसील पाटन में तथा न्यूनतम 500.8 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 820.9 मिमी, तहसील बोरी में 637.5 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 750.1 मिमी और तहसील अहिवारा में 569.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# गुरु बालकदास जयंती समारोह में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 सितम्बर। संत शिरोमणि गुरु बालकदास साहेब की जयंती के अवसर पर पाटन में सतनाम शोभायात्रा एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। उन्होंने गुरु बालकदास साहेब को नमन करते हुए समाज के लोगों को जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भूपेश बघेल ने संत गुरु सौरभ साहेब से भेंट-मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। दोनों के बीच सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा भी हुई। भूपेश बघेल ने गुरु बालकदास साहेब के विचारों को याद करते हुए कहा कि संत-महापुरुषों की शिक्षाएं समाज को सत्य, समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की राह दिखाती हैं। सतनाम शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं श्रद्धालु शामिल हुए। जय सतनाम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय नजर आया। श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम में संतराम कुर्रे सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बैठक



### दही लूट के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

उतई, 5 सितंबर। ग्राम सांकरा के दईहान चौक में जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर रामसत्ता, मानस कार्यक्रम एवं दही लूट के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन को लेकर कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए। रविवार को मानस कार्यक्रम तथा सोमवार को दही लूट का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम ग्राम सांकरा दईहान चौक में आयोजित किया जाना प्रस्तावित हैं। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह है ।

### पोड़ी गांव के आसपास हेलमेट जागरूकता की कमी दिखती है

कवर्धा, 5 सितंबर। कबीरधाम जिले में कवर्धा शहर हो या पोड़ी गांव हो या बोड़ला नगर पंचायत हो । दुपहिया वाहन चालक से लोग मार्केटिंग करने आते है लेकिन हेलमेट नहीं पहनते है । शायद अब समय आ गया है जहाँ जहां बाजार लगता है वहां पर हेलमेट जागरूकता के लिए जिला प्रशासन को कदम उठाना चाहिए । सब्जी खरीदने जाइए या कापी किताब या फल या कपड़ा खरीदने । बाइक , स्कूटी से जाते है लेकिन हेलमेट बहुत कम लोग पहन रहे है । यातायात विभाग को पोड़ी , बोड़ला बाजार के आसपास हेलमेट जागरूकता पर ध्यान देना चाहिए । कलेक्टर ने भी मीटिंग में कहा है की यातायात विभाग हेलमेट जागरूकता पर फोकस रखे ।

### अवैध शराब बेचने वाले तीन युवक गिरफ्तार

भिलाई, 5 सितंबर (तछसं.)। भिलाई अवैध शराब बेचने वाले तीन युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने बताया कि बाम्बे आवास, उरला सुभाष ठाकुर उर्फ छोटू, अजय विश्वकर्मा, रुआबांधा बस्ती, गांधी चौक महेश कुमार साहू को पकड़ा गया इन के पास से पुलिस ने 73 पौवा रोमियो देशी शराब 10,580, 31 पौवा देशी मदिरा, कुल 5.580 लीटर 2,600, मोबाइल फोन जब्त किया है शराब को धमधा रोड सब्जी मंडी के पास थाना मोहन नगर और रुआबांधा तालाब के ऊपर भिलाई नगर के पास बेचा जा रहा था।

# ठेका कर्मचारियों के लिए सेक्टर-9 अस्पताल में नया पीएमई केंद्र शुरू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 सितंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 में ठेका कर्मचारियों के लिए समर्पित नए पीरियोडिक मेडिकल एग्जामिनेशन केंद्र का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा प्रमुख डॉ. उदय कुमार ने किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सबिता पंडा, महाप्रबंधक संजय कुमार तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र के प्रभारी डॉ. शील कमल ठाकुर सहित अन्य विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। शुभारंभ के पहले ही दिन केंद्र में 100 ठेका कर्मचारियों का पीएमई किया गया। अधिकारियों के अनुसार, कर्मचारियों की आवश्यकता के अनुरूप आने वाले समय में केंद्र की क्षमता और कार्यप्रणाली का विस्तार किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले साढ़े तीन वर्षों से ठेका कर्मचारियों का पीएमई बाहरी एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा था। अब यह सुविधा जेएलएन अस्पताल में शुरू होने से अस्पताल के उपलब्ध चिकित्सा संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा। नियमित कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए पीएमई की सुविधा पूर्ववत राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र में संचालित होती रहेगी।

# अनाधिकृत होर्डिंग्स पर सख्ती, अनुमति लेकर ही लगाने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 5 सितंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में बिना अनुमति लगाए जा रहे अनधिकृत होर्डिंग्स को लेकर नागरिकों एवं संगठनों से अपील की है कि किसी भी प्रकार का होर्डिंग लगाने से पहले सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति अनिवार्य रूप से प्राप्त करें।

प्रबंधन के अनुसार, टाउनशिप में जन्मदिन की शुभकामनाओं, धार्मिक आयोजनों एवं अन्य गतिविधियों से संबंधित होर्डिंग्स विद्युत खंभों, रोटरी सर्किलों सहित विभिन्न स्थानों पर बिना अनुमति लगाए जा रहे हैं। इसके लिए संयंत्र में उत्पादों एवं कार्यक्रमों के प्रदर्शन हेतु निर्धारित स्थान उपलब्ध कराए गए हैं। प्रबंधन ने कहा कि विद्युत खंभों और रोटरी सर्किलों पर अनधिकृत होर्डिंग्स लगाए जाने से टाउनशिप की सुंदरता प्रभावित होती है। साथ ही राहगीरों एवं वाहन चालकों की दृश्यता बाधित होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इस प्रकार के प्रदर्शन सार्वजनिक स्थानों के अनधिकृत उपयोग की अवांछनीय परंपरा को भी बढ़ावा देते हैं। बीएसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई संवेदनशील विषय है, क्योंकि इससे संबंधित व्यक्तियों एवं संगठनों की भावनाएं आहत हो सकती हैं। टाउनशिप की सुंदरता और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रबंधन लगातार प्रयासरत है, लेकिन इसमें भिलाई समुदाय का सहयोग आवश्यक है।

# सेल ने अगस्त में बिक्री और उत्पादन में बनाया नया रिकॉर्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 5 सितंबर। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने अगस्त 2026 में उत्पादन, बिक्री और वित्तीय प्रबंधन के मोर्चे पर मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने अगस्त माह में हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील का अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन हासिल किया। वहीं, कुल बिक्री में साल-दर-साल 13 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। अगस्त 2026 में सेल का क्रूड स्टील उत्पादन पिछले वर्ष की समान अवधि के 1.55 मिलियन टन की तुलना में 8 प्रतिशत बढ़कर 1.68 मिलियन टन पहुंच गया। इसी तरह हॉट मेटल का उत्पादन 9 प्रतिशत बढ़कर 1.78 मिलियन टन, जबकि सेलेबल स्टील का उत्पादन 1 प्रतिशत बढ़कर 1.69 मिलियन टन रहा। कंपनी की कुल बिक्री मात्रा अगस्त में 1.871 मिलियन टन रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 1.654 मिलियन टन से 13 प्रतिशत अधिक है। टियर-1 और टियर-2 रिटेल चैनलों में मजबूत मांग का कंपनी को लाभ मिला। इस दौरान कैश कलेक्शन में भी साल-दर-साल 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

सेल ने कोल्ड रोल्ड, गैल्वेनाइज्ड और अलॉय स्टील सहित विभिन्न वैल्यू-एडेड उत्पादों की अगस्त माह में अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की। भारतीय रेलवे को रेल आपूर्ति अगस्त में 5 प्रतिशत बढ़कर 1.23 लाख टन हो गई, जो पिछले वर्ष 1.18 लाख टन थी। लॉन्ग रेल्स की आपूर्ति में भी 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 1.12 लाख टन का अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा हासिल किया गया। कंपनी ने वित्तीय अनुशासन के मोर्चे पर भी प्रगति की है। 31 मार्च 2026 की स्थिति की तुलना में सेल ने अपनी उधारी में 870 करोड़ रुपये की कमी की है। इससे कंपनी की वित्तीय स्थिति और मजबूत हुई है। सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. ए.के. पंडा ने कहा कि अगस्त तथा अप्रैल-अगस्त अवधि का प्रदर्शन कंपनी की परिचालन क्षमता, वाणिज्यिक वितरण और वित्तीय अनुशासन के बीच बेहतर तालमेल को दर्शाता है।

# कीटनाशक विक्रय में अनियमितता पाए जाने पर उमंग कृषि केन्द्र की अनुज्ञप्ति 15 दिवस के लिए निलंबित

बेमेतरा, 5 सितंबर। कृषि विभाग द्वारा कीटनाशक विक्रय एवं भण्डारण में अनियमितताओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मेसर्स उमंग कृषि केन्द्र, संबलपुर, विकासखण्ड नवागढ़ की कीटनाशी विक्रय/भण्डारण अनुज्ञप्ति को 15 दिवस की अवधि के लिए निलंबित किया गया है। उप संचालक कृषि एवं कीटनाशी अनुज्ञापन अधिकारी, जिला-बेमेतरा द्वारा जारी आदेश के अनुसार दिनांक 05 जुलाई 2022 को जारी की गई थी, जो 04 सितंबर 2026 से 18 सितंबर 2026 तक तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

कीटनाशी निरीक्षक द्वारा 17 अगस्त 2026 को प्रतिष्ठान का निरीक्षण किए जाने पर कई अनियमितताएं पाई गई थीं। निरीक्षण के दौरान कीटनाशक अनुज्ञप्ति को प्रतिष्ठान के दृश्य स्थल पर चस्पा नहीं किया गया था। साथ ही, स्त्रोत प्रमाण में उल्लेखित कंपनी के अतिरिक्त अन्य निर्माता कंपनियों के उत्पाद भी प्रतिष्ठान में पाए गए।निरीक्षण में प्रतिष्ठान में कीटनाशकों के भण्डारण एवं दर सूची का प्रदर्शन नहीं किया जाना तथा अवसान तिथि समाप्त हो चुके कीटनाशकों को अन्य स्टॉक से पृथक नहीं किया जाना भी पाया गया। इसके अलावा निर्धारित प्रारूप में कैश/क्रेडिट मेमो संधारित नहीं किया जाना, माह समाप्ति के 15 दिवस के भीतर पाक्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करना तथा स्कंध पंजी का संधारण नहीं किया जाना भी सामने आया।इन अनियमितताओं के संबंध में संबंधित लाइसेंसधारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। प्रस्तुत स्पष्टीकरण का परीक्षण किए जाने पर उसे संतोषजनक नहीं पाया गया। उपलब्ध अभिलेखों, निरीक्षण प्रतिवेदन एवं प्रकरण में पाए गए तथ्यों के आधार पर संबंधित द्वारा कीटनाशी अधिनियम एवं कीटनाशी नियमों तथा अनुज्ञप्ति में निर्धारित शर्तों का उल्लंघन किया जाना पाया गया। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित प्रतिष्ठान द्वारा किसी भी प्रकार के कीटनाशक का विक्रय, भण्डारण अथवा वितरण नहीं किया जा सकेगा। प्रतिष्ठान में उपलब्ध कीटनाशकों के स्टॉक का नियमानुसार सत्यापन एवं अभिलेखीकरण किया जाएगा। साथ ही, संबंधित व्यक्ति/फर्म को निलंबित अनुज्ञप्ति के आधार पर किसी भी प्रकार की कीटनाशी संबंधी व्यावसायिक गतिविधि करने की अनुमति नहीं होगी।संबंधित कीटनाशी निरीक्षक को आदेश का पालन सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठान में उपलब्ध स्टॉक का निरीक्षण एवं सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लबालब बांधों से किसानों में खुशी बेहतर खरीफ फसल की उम्मीद

धमतरी, 5 सितंबर । जिले में इस मानसून अच्छी बारिश और जलाशयों में पर्याप्त जलभराव ने किसानों के चेहरे पर उम्मीद और खुशी ला दी है। जिले के प्रमुख जलाशय गंगरेल, माडमसिल्ली, सोंढूर और दुधावा सहित अन्य जलस्रोतों में अच्छी जल उपलब्धता बनी हुई है। पिछले मानसून की तरह इस वर्ष भी जलाशयों की स्थिति संतोषजनक रहने से खरीफ फसलों के लिए सिंचाई की बेहतर संभावनाएं बनी हैं। इससे किसानों को फसल उत्पादन अच्छा होने की उम्मीद है। पिछले वर्ष जिले के प्रमुख जलाशयों में पर्याप्त जलभराव रहा, जिसका सकारात्मक असर कृषि क्षेत्र पर देखने को मिला और किसानों को अच्छी पैदावार मिली। इस वर्ष भी मानसून के दौरान जलाशयों में पर्याप्त पानी होने से कृषि कार्यों के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। जल उपलब्धता के साथ कृषि विभाग द्वारा किसानों को समय पर खाद, बीज एवं आवश्यक कृषि आदान उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है। जरूरत के अनुसार किसानों को कृषि सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जिले में कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए जल, कृषि आदान और आधुनिक तकनीक की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, ÷जलाशयों में पर्याप्त पानी किसानों के लिए बड़ी राहत और उम्मीद का आधार है। खरीफ फसल के लिए खाद-बीज समय पर उपलब्ध कराया गया है तथा आवश्यकता के अनुसार किसानों को आगे भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### मोर गाँव, मोर पानी' महाअभियान के तहत जेवरा में पौधारोपण

बेमेतरा, 5 सितंबर। 'मोर गाँव, मोर पानी महाअभियान' के अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवरा (एन) में आज, 5 सितंबर को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत जेवरा (एन) में होगा। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री विजय बघेल, बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू, साजा विधायक श्री ईश्वर साहू,रजक विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री प्रहलाद रजक, दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर एवं छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष स्वामी राजीव लोचन दास जी, जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष श्री खोरबाहरा साहू अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### शंकरलाल चंद्रा की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



भिलाई, 5 सितंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र की रेल मिल बिरादरी की ओर से स्वर्गीय शंकर लाल चंद्रा की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं खिचड़ी प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। पंचमुखी बालाजी धाम, रेल मिल में आयोजित कार्यक्रम में रेल मिल बिरादरी के सदस्यों ने स्वर्गीय चंद्रा को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि स्वर्गीय शंकर लाल चंद्रा का 27 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया था। उनकी स्मृति में आयोजित भंडारे में बिरादरी के सदस्यों सहित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। आयोजकों ने कहा कि स्वर्गीय चंद्रा जी की स्मृतियां सदैव सभी के बीच जीवित रहेंगी। कार्यक्रम के माध्यम से उनके प्रति सम्मान एवं श्रद्धा व्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों ने उनके परिवार के प्रति संवेदना भी प्रकट की।

# राजस्थानी समाज ने श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाई गोगा जी महाराज की नवमीं

**■ घर-घर जली ज्योति, बने पारंपरिक पकवान; रक्षाबंधन का रक्षा सूत्र गोगा जी महाराज को किया अर्पित**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा 5 सितंबर।** राजस्थानी समाज ने लोकदेवता एवं श्रद्धा के प्रतीक गोगा जी महाराज की नवमीं का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और रीति-रिवाजों के साथ मनाया। इस अवसर पर समाज के घरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई और ज्योति प्रज्ज्वलित कर गोगा जी महाराज का स्मरण किया गया। पर्व की विशेष परंपरा के तहत घरों में विभिन्न प्रकार के पारंपरिक पकवान तैयार किए गए। वहीं रक्षाबंधन के अवसर पर कलाई में बांधा गया रक्षा सूत्र (राखी) गोगा जी महाराज को अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और सुरक्षा की कामना की गई।

### लोक आस्था और पुरानी परंपरा का पर्व

गोगा नवमीं राजस्थान की लोक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। राजस्थानी समाज में गोगा जी महाराज को श्रद्धा से गोगा जी, गोगा वीर और जाहर वीर के नाम से स्मरण किया जाता है। पीढ़ियों से चली आ रही इस परंपरा में पूजा, ज्योति और प्रसाद के माध्यम से लोकदेवता के प्रति श्रद्धा व्यक्त की जाती है। तिल्दा-नेवरा में भी राजस्थानी एवं मारवाड़ी समाज के परिवार इस परंपरा को आज तक जीवित रखे हुए हैं। बदलते समय और आधुनिक जीवनशैली के बीच घर-घर में इस पर्व को मनाया जाना नई पीढ़ी के लिए अपनी जड़ों, संस्कृति और पारिवारिक संस्कारों से जुड़ने का माध्यम बन रहा है।

### नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने की जरूरत

समाज के वरिष्ठजनों का कहना है कि ऐसे पारंपरिक पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी लोक संस्कृति, इतिहास और पारिवारिक संस्कारों की पहचान हैं। नई पीढ़ी को गोगा नवमीं जैसे पर्वों की परंपरा और उनके महत्व की जानकारी देना जरूरी है, ताकि राजस्थान से जुड़ी यह सांस्कृतिक विरासत आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंच सके। गोगा नवमीं के अवसर पर तिल्दा-नेवरा में घर-घर आस्था की ज्योति और पारंपरिक पकवानों की खुशबू ने राजस्थानी संस्कृति की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की।

## एक नजर

### साइबर ठगी की रकम खपाने वाले दो म्यूल अकाउंट आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 5 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा साइबर अपराधों, बैंक फ्रॉड एवं साइबर ठगी की रकम खपाने वाले म्यूल अकाउंट होल्डर्स व नेटवर्क के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना पलारी पुलिस द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड की राशि को अपने बैंक खातों में प्राप्त कर धोखाधड़ी करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। राजस्थान (जयपुर) निवासी आवेदक कैलाशचंद सेन द्वारा साइबर पोर्टल में ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें झांसा देकर उनसे ?1,08,644/- की ठगी की गई थी। ठगी की यह रकम यूसीओ (ष्ट्ह) बैंक शाखा पलारी के खाता क्रमांक 8530110142066 में ट्रांसफर की गई थी। साइबर पोर्टल से प्राप्त शिकायत की जांच के दौरान थाना पलारी पुलिस द्वारा यूसीओ बैंक से खाते की जानकारी एवं स्टेटमेंट प्राप्त किया गया। जांच में खाता धारक खिलेंद्र वर्मा द्वारा अपने बैंक खाते में 1,08,644/- का संदिग्ध लेनदेन करना पाया गया। संदेही खिलेंद्र वर्मा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने खुलासा किया कि आरोपी दीपेश मल्होत्रा ने उसे बैंक खाता खुलवाकर अवैध रूप से पैसे कमाने का लालच दिया था। इसके बदले खिलेंद्र वर्मा को कमीशन मिलता था तथा खाते का संचालन, एटीएम कार्ड व सिम कार्ड आरोपी दीपेश मल्होत्रा द्वारा किया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि इन खातों का उपयोग ऑनलाइन गेमिंग व अन्य अवैध गतिविधियों से प्राप्त ठगी की रकम के ट्रांसफर एवं ले-देन के लिए किया जाता था। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से पैन कार्ड की प्रति एवं अन्य दस्तावेज जप्त किए गए हैं। दोनों आरोपियों को दिनांक 04.09.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में संलिप्त अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है। प्रकरण विवेचना में है।

### साइड नहीं देने के विवाद में जानलेवा हमला, 2 सगे भाई गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 5 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा हिंसात्मक गतिविधियों, मारपीट व गुंडागर्दी करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध त्वरित व सख्त कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना पलारी पुलिस द्वारा रास्ते में साइड नहीं देने के मामूली विवाद पर जानलेवा हमला करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 02.09.2026 को प्रार्थी यशवंत धृतलहरे (उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम भरूवाड़ीह) द्वारा थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि जब वह अपनी मोटरसाइकिल से खमरिया सेलून जा रहा था, तब रास्ते में गांव के गौरव बंजारे एवं गोपाल बंजारे ने साइड नहीं देने की बात को लेकर पुरानी रंजिशवश अश्लील गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्के एवं बांस के डंडे से प्रार्थी के सिर व शरीर पर जानलेवा हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई। ?प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 358/2026, धारा 296, 351(3),115(2),117(2), 109(1),3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा गवाहों के समक्ष प्रार्थी का खून लगा टी-शर्ट जप्त किया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों आरोपी भाइयों को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध कारित करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा (खून लगा) विधिवत जप्त कर कब्जे में लिया गया है। दोनों आरोपियों को दिनांक 03.09.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

# तिल्दा में रास-गरबा के साथ धूमधाम से ब्रह्माकुमारीज ने मनाई जन्माष्टमी

## नन्हे कृष्ण-राधा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा सभी का मन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 5 सितंबर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा सेवाकेंद्र में जन्माष्टमी उत्सव बड़े ही उमंग, उत्साह एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे-नन्हे बच्चों ने श्रीकृष्ण एवं राधा की मनमोहक वेशभूषा में सुंदर प्रस्तुतियां देकर पूरे सभागार को कृष्णमय कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण-राधा के मधुर भजनों पर खुशी, मीठी, राशिका, उदय एवं तोशिका ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। वहीं यशोदा मैया की सुंदर वेशभूषा में खुशबू बहन ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन जीत लिया। नन्हे कलाकारों की मासूमियत, सुंदर वेशभूषा एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को खूब आनंदित किया और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर अंजू सोनी बहन ने अपनी सुंदर कविता के माध्यम से श्रीकृष्ण के आध्यात्मिक स्वरूप एवं उनके दिव्य संदेश को प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम में आध्यात्मिकता का रंग भर दिया। उन्होंने श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े मूल्यों एवं श्रेष्ठ संस्कारों को वर्तमान जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा की मुख्य संचालिका बीके प्रियंका बहन ने सभी उपस्थित भाई-बहनों एवं नगरवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नन्हे कलाकारों की सुंदर प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागी बच्चों को उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। जन्माष्टमी के आध्यात्मिक संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन भी आनंद एवं उल्लास से हुआ। अंत में उपस्थित भाई-बहनों ने नन्हे कृष्ण-राधा के रूप में सजे बच्चों के साथ रास-गरबा का आनंद लिया। कृष्ण भक्ति के गीतों पर सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसके पश्चात सभी ने माखन-मिश्री का प्रसाद ग्रहण कर अपना मुख मीठा किया। पूरे आयोजन में आध्यात्मिकता, संस्कृति, भक्ति एवं आनंद का सुंदर संगम देखने को मिला। वही नगर के अनेक मंदिरों में सुबह से रात्रि तक भीड़ देखी गई।

### ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र नगरी में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



**नगरी ५ सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र नगरी द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में भव्य रूप से मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एन.के. मांझी सहित बड़ी संख्या में भाई-बहनों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने की। महोत्सव के दौरान राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजी दर्जनों जोड़ियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पूरा परिसर भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण को सजे हुए झूले में झुलाकर एवं मधुर भजनों के साथ किया गया। इसके पश्चात विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां हुईं। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का भरपूर मनोरंजन किया।महोत्सव का विशेष आकर्षण सत्यभामा और रुक्मणी के प्रसंग पर आधारित सुंदर नाटिका रही, जिसमें कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। वहीं श्रीकृष्ण की रासलीला की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में भक्ति और आनंद का अद्भुत वातावरण निर्मित किया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने रासलीला का भरपूर आनंद लिया और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने सभी भाई-बहनों एवं श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सतयुग के प्रथम राजकुमार श्रीकृष्ण सर्वगुण संपन्न और 16 कला संपूर्ण थे। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी पर्व मनाने का वास्तविक उद्देश्य केवल उत्सव तक सीमित नहीं है, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण के दैवीय गुणों को अपने जीवन में धारण कर श्रेष्ठ कर्म करना है। उन्होंने कहा कि प्रेम, शांति, पवित्रता, मधुरता और श्रेष्ठ आचरण जैसे गुणों को अपनाकर ही हम अपने जीवन को सुखी, श्रेष्ठ और आदर्श बना सकते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियों में केक काटा गया। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं एवं उपस्थित भाई-बहनों को माखन-मिश्री और पंजेरी का प्रसाद वितरित किया गया। भक्ति, संस्कृति और आध्यात्मिक संदेश से परिपूर्ण इस आयोजन ने सभी उपस्थितजनों के मन में श्रीकृष्ण के प्रति श्रद्धा और भक्ति का भाव और अधिक प्रगाढ़ कर दिया।

### पहली बार रेलवे फुटबॉल ग्राउंड पर होगी दही हांडी लूट प्रतियोगिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 5 सितंबर।** भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर डोंगरगढ़ के रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में पहली बार भव्य दही हांडी लूट प्रतियोगिता का आयोजन आज किया जाएगा। आयोजन रेलवे फुटबॉल ग्राउंड मॉर्निंग ग्रुप एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे इंस्टीट्यूट, डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। बता दे कि रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में प्रतिवर्ष रावण दहन का आयोजन होता है, लेकिन यह पहला अवसर है जब यहां दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता को लेकर युवाओं और गोविंदा टोलियों में खासा उत्साह है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में ?25,000 की राशि प्रदान की जाएगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक गोविंदा टोलियों से प्रतियोगिता में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। आयोजन के दौरान मटकी फोड़ने के साथ उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिलेगा।

## तिल्दा पुलिस की सघन चेकिंग 21 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 5 सितंबर।** अपराधों की रोकथाम और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से तिल्दा-नेवरा पुलिस ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने देवार बस्ती, अटल आवास, मोहभट्ठा पारा सहित अन्य संवेदनशील इलाकों में पहुंचकर संदिग्ध रूप से घूमने वाले लोगों की जांच की।अभियान के दौरान बिना उचित कारण क्षेत्र में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी पहचान की गई। पुलिस ने उन्हें अनावश्यक रूप से क्षेत्र में नहीं घूमने की समझाइश देने के साथ आवश्यक निर्देश भी दिए।

जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए कुल 21 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 126/135 क्व्हस्स के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से संवेदनशील क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों के बीच हड़कंप की स्थिति रही। तिल्दा-नेवरा थाना प्रभारीरमाकांत तिवारी ने कहा कि अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी एवं चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## प्राधिकृत अधिकारी के पद पर कन्हैया की नियुक्ति से किसानों में आक्रोश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 5 सितंबर।** सेवा सहकारी समिति मुसराकला पंजीयन क्रमांक 1068 के अंतर्गत आने वाले भानपुरी समिति क्षेत्र में प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति को लेकर किसानों में भारी नाराजगी सामने आई है। क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने एकजुट होकर प्रस्तावित नियुक्ति का विरोध करते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है। किसानों ने इस संबंध में लिखित शिकायत अधिकारियों को सौंपकर निष्पक्ष एवं योग्य व्यक्ति की नियुक्ति किए जाने की मांग उठाई है।

**निष्पक्ष व्यक्ति की नियुक्ति की मांग:** किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि भानपुरी समिति में किसी निष्पक्ष, योग्य एवं किसानों के हितों को प्राथमिकता देने वाले व्यक्ति को प्राधिकृत अधिकारी की जिम्मेदारी दी जाए। किसानों का कहना है कि सहकारी समिति सीधे तौर पर क्षेत्र के किसानों से जुड़ी संस्था है, इसलिए यहां होने वाली और पारदर्शिता का ध्यान रखा जाना चाहिए। इस मामले में किसानों ने अपनी शिकायत की प्रतिलिपि उपआयुक्त, सहकारी संस्थाएं राजनांदगांव तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन बघेल को भी भेजी है।

दर्जनों किसानों ने जताया विरोधः शिकायत में विरोध जताने वाले किसानों में चमन लाल, सुरेश पटेल, हरीराम, लीलाम्बर, चंद्रेश वर्मा, डोमेश पटेल, मनीष, गोपीराम, मदनलाल वर्मा, रूपचंद, नरेश, तेजराम वर्मा, लोकनाथ, रामसुख, पुरुषोत्तम यादव, विजय, हेमशंकर वर्मा, शंकरलाल, पिलेश्वर, दिनेश वर्मा, चौतीलाल, उमेश, बुधदेव, उदयशंकर, इतवारी, रामकुमार वर्मा, बैसाख, भारत, हेमंत कुमार, हीरालाल वर्मा, उमेश वर्मा,डोमेश्वर रामचंद,गोविंद,महेश,महतरू राम, रामखिलावन सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीण किसान उपस्थित रहे। वहीं किसानों द्वारा शीघ्र मांग पूरी ना होने की स्थिति में आंदोलन चेतावनी दी गई है और कहा गया है कि यदि प्रशासन ने उनकी शिकायत नहीं सुनी और तो समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तथा प्रस्तावित नियुक्ति को निरस्त नहीं किया गया, तो विरोध को व्यापक आंदोलन का रूप दिया जाएगा। किसानों का कहना है कि वे अपने अधिकारों और समिति में पारदर्शी व्यवस्था के लिए आगे भी आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले में कन्हैया वर्मा के नाम पर किसानों में असंतोष किसानों द्वारा सौंपे गए शिकायत आवेदन के अनुसार उन्हें जानकारी मिली है कि भानपुरी समिति में प्राधिकृत अधिकारी के पद पर ग्राम कोलिहापुरी निवासी कन्हैया वर्मा पिता भीखम वर्मा की नियुक्ति किए जाने की तैयारी है जिससे किसानों में असंतोष बढ़ गया है।

# बस्तर फाइटर्स भर्ती नियमों का स्वागत, नक्सल पीड़ित युवाओं को मिली बड़ी राहत

**■ प्रदेश प्रमुख धीरेंद्र साहू ने सरकार का जताया आभार, कहा- पीड़ित परिवारों के बच्चों के लिए खुलेगा रोजगार का रास्ता**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 5 सितंबर।** बस्तर संभाग के स्थानीय युवाओं को पुलिस सेवा से जोड़ने के लिए बस्तर फाइटर्स के 4,600 पदों पर सीधी भर्ती की नियमावली का स्वागत किया जा रहा है। भर्ती नियमों में नक्सल पीड़ित परिवारों और राहत शिविरों में रहने वाले युवाओं के लिए दी गई विशेष छूट को लेकर प्रदेश प्रमुख धीरेंद्र साहू ने शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

धीरेंद्र साहू ने कहा कि नक्सल हिंसा का दंश झेल चुके परिवारों के युवाओं के लिए यह केवल नौकरी नहीं, बल्कि उनके जीवन को नई दिशा देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में छूट देकर नक्सल प्रभावित परिवारों के युवाओं को 5वीं पास होने पर पात्रता देना सरकार की संवेदनशील सोच को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि वर्षों से हिंसा और विस्थापन की पीड़ा झेल रहे परिवारों के बच्चों के सामने रोजगार और शिक्षा के अवसर सीमित रहे हैं। ऐसे में भर्ती नियमों में दी गई यह राहत उनके लिए उम्मीद की नई किरण है। इससे पीड़ित परिवारों के युवा सम्मानजनक रोजगार हासिल कर समाज की मुख्यधारा से मजबूती से जुड़ सकेंगे।

### स्थानीय युवाओं और भाषा को प्राथमिकता

बस्तर फाइटर्स भर्ती की खासियत स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देना है। भर्ती में स्थानीय बोली-भाषा की जानकारी के लिए बोनस अंक का प्रावधान भी रखा गया है। इससे बस्तर के अंदरूनी और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय युवाओं को अपनी प्रतिभा साबित करने का बेहतर अवसर मिलेगा। धीरेंद्र साहू ने कहा कि स्थानीय परिस्थितियों, भौगोलिक स्थिति और भाषा की बेहतर समझ रखने वाले युवा पुलिस और सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने शासन से आग्रह किया कि नक्सल पीड़ित परिवारों के पात्र युवाओं तक भर्ती की जानकारी गांव-गांव और राहत शिविरों तक पहुंचाई जाए, ताकि कोई भी पात्र युवा जानकारी के अभाव में इस अवसर से वंचित न हो।

# पंचायतों में पानी टैंकर सप्लाई में लाखों का फर्जीवाड़ा

## सोलर फर्म से कृषि टैंकर की खरीदी पर उठे सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 5 सितंबर।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों में पानी टैंकर सप्लाई के नाम लाखों रु के फर्जीवाड़ा का मामला प्रकाश में आया है जिसमें आरोप लगाते बताया जाता है कि जिला पंचायत सदस्यों और पंचायत प्रशासन की मिलीभगत से लाखों रुपये के कमीशन का बड़ा खेल खेला गया है। बताया जाता है कि बाजार में जिस 2500 से 5000 लीटर क्षमता वाले पानी टैंकर की अधिकतम कीमत करीब 1.30 से 1.35 लाख रुपये है, उसी टैंकर के लिए पंचायतों से 15वें वित्त आयोग की राशि से ढाई लाख रुपये तक का भारी-भरकम भुगतान करा कर लाखो रु का फर्जीवाड़ा किया गया है। इस वित्तीय अनियमितता में डोंगरगढ़, राजनांदगांव या दुर्ग के स्थानीय कृषि यंत्र विक्रेताओं को नजरअंदाज कर भिलाई की एक सोलर फर्म से दोगुनी कीमत पर खरीदी कराई गई, जो छत्तीसगढ़ राज्य भंडार क्रय नियमों का खुला उल्लंघन माना जा रहा है।

**चार चक्का टैंकर सस्ता, दो चक्का टैंकर महंगाः** सामग्री खरीदी में दरों का विरोधाभास भी चौंकाने वाला है। विकासखंड के ग्राम धनडोंगरी एवं खल्लारी में चार पहिया (डबल एक्सल) पानी टैंकर की आपूर्ति 2,45,000 रुपये में की गई। वहीं दूसरी ओर, ग्राम पंचायत अछोली, सलोनी, तोतलभरी, प्लांदुर, पिपरखार एवं मोहनपुर जैसी पंचायतों में उससे भी निम्न स्तर के मात्र दो पहिया (सिंगल एक्सल) 2500 लीटर क्षमता वाले टैंकर की सप्लाई कर प्रत्येक पंचायत से पूरे 2.50 लाख रुपये का भुगतान जेम पोर्टल के माध्यम से करवा लिया गया।

शासकीय जेम पोर्टल और विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार, उक्त पंचायतों द्वारा भिलाई स्थित 'मेसर्स सिटी सोलर' नामक फर्म से शिवशक्ति एग्रो का 2500 लीटर क्षमता वाला वाटर टैंकर क्रय किया गया और 2.50 लाख रुपये का बिल जारी कराया गया। जानकारों के अनुसार खुले बाजार में 2500 लीटर के सिंगल एक्सल टैंकर की कीमत महज 1.30 लाख रुपये के आसपास है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि जब स्थानीय बाजार में अधिकृत कृषि उपकरण निर्माता व विक्रेता मौजूद थे, तब भिलाई की एक सोलर उपकरण विक्रेता फर्म से लगभग दोगुनी कीमत पर कृषि टैंकर खरीदने का औचित्य क्या था?

**जांच की तैयारी, कार्य एजेंसी ग्राम पंचायतों की बढ़ेगी मुसीबतः** टैंकर की बॉडी पर अपना नाम लिखवाकर विकास का दावा करने वाले जनप्रतिनिधियों और पंचायतों का यह गठजोड़ अब चौतरफा विरोध के घेरे में आ गया है। प्रशासनिक स्वीकृति, जेम पोर्टल के बिलों और क्रय नियमों की शर्तों से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर इस पूरे मामले की उच्चाधिकारियों से लिखित शिकायत करने की तैयारी की जा रही है। जांच शुरू होने पर सामग्री क्रय करने वाली कार्य एजेंसी ग्राम पंचायतों के सचिवों और जिम्मेदारों की मसीबतें बढ़ना तय मानी जा रही है।

**जन सेवा नहीं अपनी सेवा के लिए बने जन प्रतिनिधिः** इस मामले में खरीदी किए गांव के ग्रामवासियों के द्वारा बताया गया कि चार पहिया टैंकर की कीमत में दो पहिया पानी सप्लाई टैंकर की खरीदी जनता के पैसों का बंदरबांट कर भ्रष्टाचार किया गया है जिसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों के ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। ग्रामीणों ने एक सुर में कहा कि आजकल के जनप्रतिनिधि जन सेवा के लिए नहीं खुद की सेवा के लिए राजनीति में जनता को प्रलोभन देकर उनका कीमती मत प्राप्त कर जनप्रतिनिधि बनते है और कुछ दिन साधु बनकर जनता के पैसों पर डाका डालने का कार्य करते है।

## जिले में अब तक 971 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार 5 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 4 सितम्बर 2026 तक 971 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 1187 मिमी, बलौदाबाजार में 1113.2मिमी, पलारी में 1044.3मिमी, लवन मे9.534 मिमी, सुहेला 907.1मिमी, सिमगा में 886.9 मिमी, कसडोल 919.6 मिमी, भाटापारा में 914.1 मिमी एवं सोनाखान 813.3 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 8739.3मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 971 मिमी है।

## बेटी की स्वतंत्रता का खामियाजा मां क्यों भुगते

परिवार,पार्टी के बाहर स्मैश दे पैट्रियाकी कहना जितना आसान होता है,परिवार के पार्टी के भीतर उस पर अमल करना उतना ही मुश्किल होता है।भारतीय समाज की पितृसत्तात्मक समाज बताकर उसकी तीखी आलोचना की जाती है लेकिन जब बात अपने परिवार में और पार्टी में महिलाओं को अधिकार व स्वतंत्रता देने की बात आती है तो आदमी वही करता है जो पितृसत्तात्मक समाज में किया जाता है।फैसला सुना देता है कि मैंने जो कह दिया वही ठीक है, वही सही है, वही परम न्याय है।संविधान में दी गई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात भी बहुत की जाती है लेकिन परिवार में व पार्टी में महिलाओं को बोलने की आजादी नहीं दी जाती है।परिवार व पार्टी की आलोचना तो सबसे बड़ा अपराध हो जाता है। लोकतंत्र मे आलोचना अधिकार सबको कहा जाता है लेकिन बात जब पार्टी के आलाकमान की बात आती है, सीएम की आती है तो यह अधिकार नहीं सबसे बड़ा गुनाह हो जाता है।बेटी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उपयोग कर राज्य के सीएम की आलोचना करती है तो इसी वजह से मां को मंत्री पद से हटाने की सिफारिश सीएम कर देते हैं।

राहुल गांधी महिलाओं की स्वतंत्रता की बात करते हैं, महिलाओं के सामने स्मैश द पैट्रियाकी कहते हैं,पिंजरा तोड़ दो कहते हैं। उनकी स्वतंत्रता की बात करते हैं। पितृसत्ता को चुनौती देने की बात कहते हैं। महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं तो महिलाओं को लगता होगा कि यह नेता सच में महिलाओं का सबसे ज्यादा सम्मान करता है।यही नेता महिलाओं के अधिकार की रक्षा कर सकता है।यही नेता महिलाओं का सरकार में आने पर स्वतंत्रता दे सकता है।लेकिन हकीकत में जब तेलंगाना की एक मंत्री को सीएम रेवंत रेड्डी जब मात्र इसी वजह से मंत्रिमंडल से बाहर कर देने की सिफारिश कर देते हैं कि उनकी बेटी ने उनकी आलोचना की है और राहुल गांधी इस मामले में कुछ नहीं कहते हैं, मां के दिल्ली जाकर मंत्री पद से न हटाने की गुहार लगाने पर उनकी सुनवाई नही होती है तो सवाल उठता है कि क्या परिवार व पार्टी में जो पैट्र्याकी है, पितृसत्ता है, पुरुषों का कब्जा है, क्या वही सच है। राहुल गांधी ने जो कुछ हाल में महिलाओं से कहा था वह क्या झूठ है। तेलंगाना के सीएम रवंत रेड्डी ने सरकार की वन एवं पर्यावरण मंत्री कोंडा सुरेखा को मात्र इसलिए मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की सिफारिश कर दी है कि उनकी बालिग बेटी सुष्मिता पटेल ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी व कुछ अन्य कांग्रेस नेताओं की सार्वजनिक रूप से तीखी आलोचना की है।राहुल गांधी कहते हैं कि महिलाओं के स्वतंत्रता की बात तो तेलंगाना के सीएम कांग्रेस नेता एक महिला के बोलने की आजादी के अधिकार को स्वीकार क्यों नहीं करते हैं। वह क्यों नही मानते हैं कि राज्य की महिलाओं को बोलने का अधिकार है,उनको बोलने की स्वतंत्रता है।तेलंगाना के नेता तो राहुल गांधी जो कहते हैं,उसके विपरीत काम कर रहे हैं।राहुल गांधी कहते हैं महिलाओं को बोलने की आजादी होनी चाहिए और तेलंगाना में सीएम को महिला का बोलना अच्छा नहीं लगता है कि क्योंकि वह तारीफ नहीं करती है, तीखी आलोचना करती है। न्याय का तकाजा है कि यदि गलती किसी ने की है तो सजा दी जानी है तो उसे दी जानी चाहिए। यह तो अन्याय हो जाता है जब गलती कोई करे और सजा किसी दूसरे को मिले।तेलंगाना में तो यही हुआ है, बालिग बेटी ने सीएम की आलोचना की तो मंत्री मां को मंत्री पद से हटाने की सजा की सिफारिश कर दी गई है।मंत्री मां की इस सफाई को स्वीकार नहीं किया गया है कि उनकी बेटी एक बालिग महिला है,उसके निजी बयान व विचारों के लिए मां को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए।उन्होने अपने खिलाफ की गई कार्रवाई को राजनीतिक बदला व अनुचित बताया है। वह दिल्ली तक भी गई कि उनके खिलाफ जो कार्रवाई की गई है, वह ठीक नहीं है लेकिन दिल्ली में कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे राहुल गांधी के महिला स्वतंत्रता की बातों पर कैसे कोई महिला यकीन कर सकती है।राहुल गांधी अगर देश भर में घूम घूम कर महिला स्वतंत्रता,महिला सम्मान की बात करते हैं तो अब जब मौका आया है तो सबसे पहले उनको अपनी पार्टी की महिला मंत्री के साथ न्याय करना चाहिए। उनके साथ जो अन्याय हो रहा है उसे रोकना चाहिए।बेटी ने कांग्रेस के सीएम की आलोचना की है तो उसकी सजा मंत्री मां को कैसे दी जा सकती है। यह तो मां के साथ अन्याय हो रहा है।राहुल गांधी चुप है,यह मौका है कि राहुल गांधी के लिए वह साबित करें कि वह वाकई महिला स्वतंत्रता के पक्षधर है,वह महिलाओं के अधिकार का सम्मान करते हैं तो बेटी की आलोचना के लिए मां को मंत्री पद से नही हटाया जाना चाहिए।उनको सीएम रेवंत रेड्डी से कहना चाहिए कि वह उन्होंने महिला मंत्री को पद से हटाने की जो सिफारिश की है,उसे वापस लें और महिलाओं की आलोचना का दिल से स्वागत करें। राहुल गांधी ऐसा नहीं करते हैं तो महिलाएं कैसे मान सकेंगी राहुल गांधी महिलाओं का सम्मान करते है,उनकी स्वतंत्रता के अधिकार के रक्षक हैं।

### सू- दोकू क्र.151

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.150 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -151

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | 23 | | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 150 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

**शिक्षक दिवस**

# शिक्षक : भविष्य की दिशा और शिक्षा का नया स्वरूप

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



शिक्षा का स्वरूप आज जिस तीव्र गति से बदल रहा है, वैसा परिवर्तन शायद पहले कभी देखने को नहीं मिला। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल तकनीक, ऑनलाइन शिक्षण, आभासी कक्षाएँ और नई शिक्षण पद्धतियाँ सीखने की प्रक्रिया को नया आकार दे रही हैं। बच्चे आज किसी भी विषय की जानकारी कुछ ही क्षणों में प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब ज्ञान और सूचना इतनी सहजता से उपलब्ध है, तब शिक्षक की भूमिका क्या रह जाएगी? वास्तव में तकनीक के विस्तार ने शिक्षक की भूमिका को कम नहीं किया, बल्कि उसे और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। आने वाले समय में शिक्षक केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टा, मार्गदर्शक, प्रेरक और मानवीय मूल्यों के संरक्षक होंगे। परम्परागत रूप से शिक्षक की भूमिका पुस्तकों और पाठ्यक्रम के अध्ययन-अध्यापन तक मानी जाती रही है। लेकिन आज यह भूमिका कहीं व्यापक हो चुकी है। शिक्षक विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्हें केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए तैयार करना पर्याप्त नहीं है। उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करना, सही और गलत के बीच अंतर समझना, असफलताओं से सीखना, दूसरों के प्रति संवेदनशील रहना और कठिन परिस्थितियों में संतुलित निर्णय लेना भी सिखाना आवश्यक है।

डिजिटल युग ने ज्ञान की सीमाएँ लगभग समाप्त कर दी हैं। इंटरनेट और डिजिटल मंचों ने सूचना का विशाल संसार विद्यार्थियों के हाथों में पहुँचा दिया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता कुछ ही सेकंड में किसी प्रश्न का उत्तर दे सकती है। लेकिन सूचना और ज्ञान में अंतर है तथा ज्ञान और विवेक में उससे भी बड़ा अंतर है। किसी प्रश्न का उत्तर जान लेना अलग बात है और उस उत्तर का जीवन में उचित उपयोग करना अलग। तकनीक जानकारी उपलब्ध करा सकती है, पर उसका विवेकपूर्ण उपयोग, नैतिकता और मानवीय दृष्टिकोण शिक्षक ही विकसित कर सकते हैं।कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव और रोबोटिकी तथा स्वचालन के विस्तार के साथ रोजगार और कौशल की दुनिया भी बदल रही है। आने वाले वर्षों में अनेक पारम्परिक कार्यों का स्वरूप बदलेगा। ऐसे समय में शिक्षा की चुनौती केवल यह नहीं होगी कि विद्यार्थी क्या जानते हैं, बल्कि यह भी होगी कि वे बदलती परिस्थितियों के अनुसार कितना सीख सकते हैं, कितना सोच सकते हैं और समस्याओं का समाधान किस प्रकार कर सकते हैं। इसलिए भविष्य का शिक्षक स्वयं भी निरन्तर सीखने वाला होगा। जो शिक्षक समय के साथ अपने ज्ञान, तकनीकी दक्षता और शिक्षण-पद्धति को अद्यतन करेंगे, वही विद्यार्थियों को भविष्य के लिए बेहतर तैयार कर पाएँगे। आज सबसे बड़ी आवश्यकता शिक्षा और कौशल के बीच संतुलन स्थापित करने की है। केवल उपाधियाँ प्राप्त कर लेना जीवन की सफलता की गारंटी नहीं है। संवाद कौशल, समस्या-समाधान क्षमता, रचनात्मक सोच, निर्णय लेने की क्षमता, सहयोग की भावना और सहानुभूति जैसे गुण भी उतने ही आवश्यक हैं। शिक्षक को विद्यार्थियों में इन क्षमताओं का विकास करना होगा, ताकि वे केवल अच्छे विद्यार्थी नहीं, बल्कि जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बन सकें। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में शिक्षक की भूमिका और भी व्यापक हो जाती है। यहाँ शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, लोकतांत्रिक चेतना, सांस्कृतिक समझ और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण का आधार भी है। शिक्षक विद्यार्थियों को उनकी संस्कृति, परम्पराओं और मूल्यों से जोड़ते हुए उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण और संवैधानिक मूल्यों का विकास कर सकते हैं। विद्यालय की कक्षा वास्तव में भविष्य के समाज की प्रयोगशाला है।




तकनीक के इस दौर में शिक्षक की सबसे बड़ी शक्ति उसकी मानवीय संवेदना है। पुस्तक ज्ञान दे सकती है, इंटरनेट सूचना दे सकता है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता उत्तर दे सकती है, लेकिन किसी विद्यार्थी की आँखों में छिपी निराशा को पहचानना, उसकी असफलता में उसका मनोबल बढ़ाना और उसे फिर से प्रयास करने की प्रेरणा देना शिक्षक ही कर सकता है। मशीन विद्यार्थी के प्रश्न का उत्तर दे सकती है, लेकिन उसके मौन का अर्थ समझना अभी भी मानवीय संवेदना का विषय है।

आज परिवारों की संरचना और जीवनशैली में भी बदलाव आया है। संयुक्त परिवारों का स्वरूप सीमित हो रहा है और अनेक बच्चों को पहले की तरह परिवार के बुजुर्गों का निरन्तर मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। ऐसे समय में शिक्षक का दायित्व और बढ़ जाता है। विद्यालय केवल पाठ पढ़ाने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व और जीवन-दृष्टि को आकार देने का स्थान भी है। एक संवेदनशील शिक्षक विद्यार्थी के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन, धैर्य और जिम्मेदारी जैसे गुण विकसित कर सकता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं होना चाहिए। शिक्षा वह शक्ति है जो व्यक्ति को प्रश्न करना, तर्क करना, निर्णय लेना और परिस्थितियों का सामना करना सिखाती है। शिक्षा मनुष्य को केवल सक्षम नहीं, बल्कि विवेकशील और संवेदनशील भी बनाती है। यदि विद्यार्थी ऊँची उपाधियाँ तो प्राप्त कर लें, लेकिन उनमें करुणा, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी का अभाव हो, तो शिक्षा अपने वास्तविक उद्देश्य से दूर हो जाती है।

समाज में सकारात्मक परिवर्तन की सबसे मजबूत कड़ी शिक्षक हैं। एक शिक्षक एक विद्यार्थी को बदलता है, विद्यार्थी परिवार को प्रभावित करता है और परिवार समाज को। इस प्रकार शिक्षक का प्रभाव एक पूरी पीढ़ी तक पहुँचता है। किसी राष्ट्र का भविष्य केवल संसदों, नीतियों और योजनाओं में नहीं बनता; उसका वास्तविक निर्माण कक्षाओं में होता है। कक्षा में बैठा विद्यार्थी ही आने वाले समय का वैज्ञानिक, चिकित्सक, प्रशासक, शिक्षक, जनप्रतिनिधि, उद्यमी और नागरिक बनेगा। भारतीय परम्परा में गुरु को सदैव विशेष सम्मान दिया गया है। गुरुकुल परम्परा से लेकर आधुनिक विश्वविद्यालयों तक गुरु-शिष्य संबंध ने ज्ञान के साथ संस्कारों की परम्परा को भी आगे बढ़ाया है। समय बदल गया है, शिक्षा के साधन बदल गए हैं और तकनीक ने अध्यापन की शैली बदल दी है, लेकिन गुरु की मूल भूमिका आज भी वही है—अज्ञान से ज्ञान की ओर और भ्रम से विवेक की ओर ले जाना।

शिक्षक दिवस केवल शिक्षकों को सम्मान देने का अवसर नहीं, बल्कि शिक्षा के उद्देश्य पर पुनर्विचार करने का भी दिन है। हमें यह विचार करना होगा कि हम अपने बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहे हैं या जीवन के लिए भी। क्या हम उन्हें केवल सफल बनाना चाहते हैं या अच्छा इंसान भी? इन प्रश्नों का उत्तर हमारी शिक्षा व्यवस्था के भविष्य की दिशा तय करेगा।

आने वाले आठ-दस वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी परिवर्तन और अधिक तेज होंगे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता विद्यार्थियों की सीखने की गति को बढ़ाएगी, व्यक्तिगत शिक्षण को संभव बनाएगी और शिक्षकों के अनेक प्रशासनिक कार्यों को सरल करेगी। लेकिन इस परिवर्तन के बीच शिक्षक की मानवीय भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होगी। भविष्य में शिक्षक का मूल्य इस बात से नहीं आँका जाएगा कि वह कितनी जानकारी याद करवा सकता है, बल्कि इस बात से कि वह विद्यार्थी को कितना सोचने, समझने, प्रश्न करने और बेहतर मनुष्य बनने के लिए प्रेरित कर सकता है।

इसलिए शिक्षक को तकनीक से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। तकनीक शिक्षक का विकल्प नहीं, बल्कि एक शक्तिशाली सहयोगी बन सकती है। आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षक तकनीक का उपयोग करते हुए अपनी मानवीय संवेदना को और मजबूत करें। शिक्षा में मशीनों की दक्षता और मनुष्य की संवेदना का संतुलन ही भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता होगी।

वास्तव में शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाला व्यक्ति नहीं है। वह भविष्य की पीढ़ियों का निर्माता है। वह विद्यार्थियों को केवल यह नहीं बताता कि दुनिया कैसी है, बल्कि उन्हें यह सोचने की क्षमता भी देता है कि दुनिया कैसी होनी चाहिए। यही शिक्षक की सबसे बड़ी शक्ति है। शिक्षक दिवस पर इसलिए हमें केवल शिक्षकों को शुभकामनाएँ नहीं देनी चाहिए, बल्कि उनके दायित्व, सम्मान और सामाजिक महत्व को भी समझना चाहिए। तकनीक बदल सकती है, पाठ्यक्रम बदल सकते हैं, शिक्षण के माध्यम बदल सकते हैं, लेकिन मनुष्य को मनुष्य बनाने की आवश्यकता कभी समाप्त नहीं होगी। क्योंकि मशीनें ज्ञान दे सकती हैं, तकनीक सूचना दे सकती है, लेकिन जीवन को दिशा देने वाला शिक्षक ही होता है। यही शिक्षक की वास्तविक पहचान है और यही आने वाले भविष्य में उसकी सबसे बड़ी प्रासंगिकता भी होगी।

# अदालत

**व्यंग्य**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



कस्बे की पुरानी सत्र अदालत की तीसरी सीढ़ी पर जकड़ी वह लोहे की हथकड़ी न्याय व्यवस्था के उस जंग लगे चरित्र का प्रतीक थी जो केवल गरीब की कलाई और पत्थर के खंभों का साथ निभाना जानती है। सालों से लगा वह ताला दरअसल कानून की वह चुप्पी थी जिसकी चाबी फाइलों के किसी ऐसे ढेर में दफन हो गई थी जहाँ दीमक भी रिश्वत खाकर ही कागज कुतरती थी। सुबह के दस बजते ही कचहरी में मुकदमों की तारीखों का ऐसा मेला सजता जैसे कोई आध्यात्मिक कुंभ हो जहाँ पुण्य नहीं बल्कि पाप का सौदा होता है और मुंशी अपने बस्तों पर फाइलों का ढेर ऐसे सजाते मानो वे न्याय की अर्थी के सजावटी सामान हों। काली कोट वाले वकीलों की जिरह का शोर गूँजता तो लगता कि तर्क और कुतर्क के बीच सत्य कहीं कोने में दुबक कर अपनी जान बचा रहा है। उसी भीड़ के बीच सफेद खद्दर का झोला टांगे और पुरानी चमड़े की चप्पल पहने विश्वनाथ काका ठीक दस बजे आकर उसी तीसरी सीढ़ी पर ऐसे जम जाते जैसे वे खुद किसी निष्प्राण धारा की जीवंत व्याख्या हों। काका का पूरा दिन उस हथकड़ी को सहलाने में बीतता जो शायद जेलर के दिल से ज्यादा कोमल हो चुकी थी और वे हर पुलिस वाले की वर्दी को ऐसे ताकते जैसे वर्दी के भीतर का इंसान खोजने की नाकाम कोशिश कर रहे हों। जब भी कोई नया सिपाही किसी कैदी को पेशी पर लाता तो काका बड़ी उम्मीद से अपनी लाठी सीधी करते और पूछते कि क्या आज उस बड़े थाने से कोई नया फरमान आया है या आज भी इस हथकड़ी का कोई खरीदार नहीं मिला। सिपाही अपनी टोपी ठीक करता और एक ऐसी कड़वी मुस्कान देता जो केवल उन लोगों के पास होती है जिन्होंने सिस्टम की गटर में अपनी संवेदनाएं विसर्जित कर दी हों। वह काका को पागल समझकर आगे बढ़ जाता क्योंकि इस देश में जो सच के लिए ठहरा हुआ है उसे विक्षिप्त घोषित करना ही सबसे सुरक्षित कानूनी प्रक्रिया है।

अदालत में हाल ही में आए युवा मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा इतने सख्त और न्यायप्रिय थे कि उन्हें देखकर लगता था कि शायद वे अभी न्याय के उस कारखाने से नए-नए निकले हैं जहाँ आदर्शों की पॉलिश अभी उतरी नहीं है। आलोक साहब जब अपनी कार से उतरते तो उनकी नजर काका पर टिक जाती जिन्हें देखकर उन्हें लगता कि यह बुजुर्ग शायद किसी पुरानी फाइल का वह फुटनोट है जिसे पढ़ना हर कोई भूल गया है। उन्हें यह बात बहुत अजीब लगती कि एक इंसान लोहे के इस बेकार टुकड़े को किसी शिवलिंग की तरह क्यों पूज रहा है क्योंकि वे भूल गए थे कि इस देश में जब इंसान पत्थर हो जाता है तो वह पत्थर को ही भगवान मान लेता है। एक दिन जब अदालत की भीड़ छंट गई और केवल वे लोग बचे जिनका सब कुछ लुट चुका था तब आलोक साहब खुद काका के पास पहुँचे। उन्होंने बहुत ही गंभीर आवाज में पूछा कि बाबा आप रोज यहाँ रास्ता क्यों रोकते हैं क्योंकि कानून की नजर में रास्ता रोकना अपराध है चाहे वह रास्ता कहीं न पहुँचता हो। उन्होंने सलाह दी कि अगर कोई जमीन का बैनामा या मुकदमा है तो विधिवत अर्जी दीजिए क्योंकि न्याय प्रक्रिया में कागज का वजन आत्मा की आवाज से ज्यादा होता है। विश्वनाथ काका ने अपने चश्मे के पीछे छिपी उन आँखों से देखा जिनमें पच्चीस साल का निचोड़ भरा था और बोले कि जज साहब यह कोई बेकार लोहा नहीं है बल्कि यह तो उस अदालती तराजू का हिस्सा है जिसका पलड़ा हमेशा सत्ता की तरफ झुका रहता है।

आलोक साहब को काका की बात किसी ऐसी पहेली जैसी लगी जिसे सुलझाने के लिए शायद उन्हें कानून की किताबों से बाहर निकलकर असलियत की धूप में खड़ा होना पड़ता। उन्होंने आश्चर्य से पूछा कि आप पर तो कोई पुलिस केस नहीं दिखता फिर इस हथकड़ी से आपका क्या वास्ता है क्योंकि वे समझते थे कि हथकड़ी केवल अपराधी के लिए होती है जबकि सच यह है कि ईमानदार आदमी इस तंत्र में सबसे ज्यादा जकड़ा हुआ है। पास की चाय की दुकान से चाय लेकर आया पुराना मुंशी गजाधर आगे बढ़ा जिसकी कमर अदालती चक्करों के बोझ से पहले ही झुक चुकी थी। गजाधर ने बताया कि हुजूर काका की बात को यूँ ही मत टालिए क्योंकि पच्चीस साल पहले जब कस्बे में दंगा भड़का था और पुलिस अपनी वीरता दिखाने के लिए निर्दोषों की बलि ले रही थी तब काका के बेटे राघव ने एक ऐसी मिसाल पेश की थी जो आजकल के विज्ञापनों में भी नहीं मिलती। आलोक साहब ने उत्सुक होकर पूछा कि राघव ने ऐसा क्या किया था क्योंकि उन्हें लगा कि शायद यह भी किसी सरकारी सम्मान की अधूरी कहानी है। गजाधर ने लंबी साँस लेकर बताया कि राघव कानून का छात्र था और उसने गाँव के बेकसूर युवकों को बचाने के लिए पूरे झूठ का बोझ अपने कंधों पर उठा लिया था। उसने खुद इस सीढ़ी पर यह हथकड़ी बांधी थी और कसम खाई थी कि जब तक असली मुजरिम आत्मसमर्पण नहीं करेगा तब तक यह हथकड़ी यहीं रहेगी क्योंकि वह मानता था कि कानून अंधा हो सकता है पर बहरा नहीं।

विश्वनाथ काका ने कांपती उँगलियों से उस लोहे को छुआ जो अब उनकी नसों की तरह ही ठंडा पड़ चुका था और बोले कि राघव ने कहा था कि वह शहर की बड़ी अदालत से अपनी बेगुनाही का आदेश लेकर ही वापस आएगा। काका को विश्वास था कि जिस दिन वह आदेश आएगा उसी दिन इस हथकड़ी का ताला खुलेगा पर वे यह भूल गए थे कि बड़े शहरों की बड़ी अदालतों में इंसाफ अक्सर ट्रैफिक जाम में फँस जाता है। आलोक साहब ने बहुत भावुक होकर पूछा कि क्या पच्चीस सालों में राघव नहीं लौटा और क्या वह किसी नए झमेले में फँस गया। काका की आँखों में आँसू छलक आए जो न्याय की उस बंजर जमीन पर गिर रहे थे जहाँ संवेदनाओं की फसल सालों पहले सूख चुकी थी। काका ने कहा कि उन्हें यकीन है कि जिस दिन इस अदालत की अंतरात्मा जागेगी उस दिन उनका बेटा अपनी जीत का परवाना लेकर जरूर आएगा। आलोक साहब के मन में गहरा कौतूहल जागा और उन्होंने ठान लिया कि वे खुद रिकॉर्ड रूम की उस धूल को साफ करेंगे जो सच को छुपाने के लिए सबसे कारगर हथियार मानी जाती है। जज साहब तुरंत अभिलेखागार पहुँचे जहाँ कर्मचारियों की सुस्ती देखकर लगता था कि वे समय को भी अपनी फाइलों की तरह रोक कर रखना चाहते हैं। घंटों की मशक्कत और उन पेटियों को खंगालने के बाद वह पुरानी लाल कपड़े में लिपटी केस डायरी मिली जिसे देखकर लग रहा था कि वह न्याय के किसी दफन हो चुके स्मारक का अवशेष है। जैसे ही आलोक साहब ने उस फाइल के आखिरी पन्नों को खोला तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई क्योंकि वहाँ जो लिखा था वह किसी भी ईमानदार इंसान का दिल दहलाने के लिए काफी था। उस फाइल में दर्ज था कि पच्चीस साल पहले राघव ने न केवल सभी बेकसूरों को बरी करवाया था बल्कि उन रसूखदार नेताओं के षड्यंत्र को भी बेनकाब किया था जो दंगों की आग पर अपनी राजनीति की रोटियाँ सेंकते थे। आलोक साहब ने जब अंतिम पन्ने पर विशेष सरकारी वकील का नाम पढ़ा तो उनका पूरा शरीर पसीने से भीग गया क्योंकि वह नाम राघव का ही था जिसने कभी इसी सीढ़ी पर नैतिकता की शपथ ली थी। आलोक साहब कांपते कदमों से बाहर आए जहाँ काका अपनी लाठी के सहारे उस हथकड़ी को सीने से लगाए खड़े थे मानो वह उनका खोया हुआ बेटा हो। आलोक साहब ने रुँधे गले से कहा कि काका आप जिस राघव की राह देख रहे हैं वह तो पच्चीस साल पहले ही केस जीत गया था और सरकार ने उसकी काबिलियत का इनाम उसे पद और पैसा देकर दिया था। काका ने जज साहब को देखा और उनके चेहरे पर वह दिल दहला देने वाली व्यंग्यात्मक मुस्कान आई जिसने पूरे न्याय तंत्र की गरिमा को एक पल में राख कर दिया। काका ने अपनी जेब से एक पुराना अखबार निकाला और बोले कि साहब मुझे सब पता है कि राघव केस जीत गया था और आज वह राजधानी के सबसे महंगे बंगले में बैठकर उन्हीं लोगों का बचाव करता है जिन्होंने कभी हमारे गाँव को उजाड़ा था। काका ने बिलखते हुए कहा कि मैं यहाँ किसी बेटे का इंतजार नहीं कर रहा बल्कि उस ईमानदार राघव की मय्यत पर मातम मना रहा हूँ जो कभी सच के लिए मर मिटने को तैयार था। वे बोले कि वे तो बस यह देखने आते हैं कि क्या कभी कोई जज इस बेईमान व्यवस्था की उस हथकड़ी को काट पाएगा जिसकी चाबी खुद न्याय ने बेच दी है। आलोक साहब सुन्न होकर उस जंग लगी हथकड़ी को ताकते रह गए और पूरी अदालत उस लाचार पिता के आंसुओं के सामने शर्म से नतमस्तक हो गई क्योंकि वहाँ न्याय तो मौजूद था पर नैतिकता की आत्मा का अंतिम संस्कार बहुत पहले हो चुका था।

## राशिफल

**मेष राशि**-आज छोटी-सी लापरवाही भी परेशानी बढ़ा सकती है, इसलिए हर काम पूरी एकाग्रता से करना आपके लिए जरूरी रहेगा। कारोबार की कोई महत्वपूर्ण डील अचानक अटक सकती है, जिससे थोड़ी बेचैनी हो सकती है। परिवार से जुड़ी निजी बातों को बाहर साझा करने से बचें।

**वृषभ राशि**-आज आपकी समझ और निर्णय लेने की क्षमता आपको दूसरों से आगे रख सकती है, लेकिन बिना मांगे किसी को सलाह देना उल्टा पड़ सकता है। शॉपिंग के दौरान उत्साह में बजट से बाहर जाने से बचें। जीवनसाथी का सहयोग आपको हर मोड़ पर मजबूती देगा।

**मिथुन राशि**-आज सकारात्मक सोच और नई उम्मीदों के साथ दिन की शुरुआत होगी। यात्रा या घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो आगे आपके काफी काम आएगी। पुराने और रुके हुए काम भी गति पकड़ेंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को अपनी मेहनत में कमी नहीं आने देनी चाहिए।

**कर्क राशि**-आज जिम्मेदारियां कुछ ज्यादा महसूस हो सकती हैं और एक साथ कई काम सामने आने से मन थोड़ा उलझ सकता है। हालांकि, अतीत में हुई किसी गलती से मिली सीख इस बार आपको सही फैसला लेने में मदद करेगी। घर में मेहमानों के आने से माहौल खुशनुमा और रौनक भरा रहेगा।

**सिंह राशि**-आज आपके सामने कोई शानदार अवसर आ सकता है, जिसे सही तरीके से भुनाने पर करियर में फायदा मिलेगा। यात्रा के दौरान कोई खास खबर या महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। पुरानी नौकरी से दोबारा ऑफर मिलने की संभावना भी बन सकती है। ऑफिस में बॉस का भरोसा जीतने से आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी, हालांकि कुछ लोग आपकी तरक्की से खुश नहीं होंगे।

**कन्या राशि**-आज का दिन उत्साह और अच्छी संभावनाओं से भरा रह सकता है। शेयर मार्केट में निवेश का विचार मन में आ सकता है, लेकिन कोई भी कदम उठाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लेना बेहतर रहेगा। परिवार के किसी सदस्य की सेहत चिंता का कारण बन सकती है।

**तुला राशि**-आज सेहत को लेकर थोड़ी सावधानी जरूरी रहेगी, क्योंकि छोटी परेशानी भी आपको अधिक परेशान कर सकती है। विद्यार्थियों के लिए मेहनत का समय है और लगातार प्रयास उन्हें सफलता के करीब ले जाएगा। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी से मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत, अनुशासन और काम करने का तरीका वरिष्ठों को प्रभावित कर सकता है और बॉस आपकी तारीफ भी कर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि**-आज आपकी सकारात्मक सोच ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी और सफलता के नए रास्ते खोल सकती है। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे आप अपनी क्षमता से शानदार ढंग से पूरा करेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़ी कोई रुकी हुई डील अब अंतिम चरण तक पहुंच सकती है। पुराने निवेश से अच्छा लाभ मिलने पर आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**धनु राशि**-आज का दिन कुछ मामलों में अच्छा तो कुछ में थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। बड़े सपने आपको लगातार मेहनत करने की प्रेरणा देंगे, लेकिन रास्ते में कुछ रुकावटें भी आएंगी। जीवनसाथी के साथ छोटी-सी बात तनाव का रूप ले सकती है, इसलिए प्रतिक्रिया देने से पहले सोचें।

**मकर राशि**-आज बिजनेस और कमाई को लेकर आपके दिमाग में कई शानदार विचार आ सकते हैं। सही समय पर लिया गया फैसला आर्थिक रूप से बड़ा फायदा दिला सकता है। आय बढ़ाने के नए रास्ते तलाशने में आपकी पूरी ऊर्जा लगी रहेगी। विरोधियों की बातों में आकर कोई गलत निर्णय लेने से बचें।

**कुंभ राशि**-आज अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना ही आपकी सबसे बड़ी समझदारी होगी। परिवार के लोग आपकी छोटी-सी बात को भी दिल पर ले सकते हैं, इसलिए शांत रहकर बातचीत करना बेहतर रहेगा। सुख-सुविधाओं और शौक से जुड़ी चीजों पर खर्च बढ़ सकता है। अपनी निजी जानकारी किसी अनजान या अविश्वसनीय व्यक्ति के साथ साझा न करें।

**मीन राशि**-आज बेवजह के विवादों और उलझनों से खुद को दूर रखना आपके लिए बेहतर रहेगा। परिवार को सौंपी गई जिम्मेदारियां लोग अच्छी तरह निभाएंगे, जिससे उनके प्रति आपका भरोसा और मजबूत होगा। संतान की ओर से कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जो मन को सुकून देगी। पुराने दोस्त से मुलाकात होने पर बीती यादें फिर से ताजा हो जाएंगी।

# 'सेवा संकल्प अभियान' के लिए भाजपा ने कसी कमर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 5 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने आगामी 'सेवा संकल्प अभियान' को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बीजापुर स्थित अटल सदन भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला एवं संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की रूपरेखा, आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई।




कार्यशाला में भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेवा और समर्पण भाजपा की संगठनात्मक कार्यसंस्कृति का महत्वपूर्ण आधार है। कार्यकर्ताओं को चाहिए कि सेवा कार्यों और पार्टी की गतिविधियों को बूथ स्तर तक पहुंचाते हुए आमजन से निरंतर संपर्क एवं संवाद बनाए रखें।उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के बीच आपसी समन्वय, संवाद और सक्रियता संगठन की ताकत है। बूथ मजबूत होगा तो संगठन और अधिक सशक्त होगा।

बैठक में आगामी अभियान के दौरान सेवा गतिविधियों को प्रभावी तरीके से संचालित करने, अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और संगठन की गतिविधियों को बूथ स्तर तक पहुंचाने को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां एवं दिशा-निर्देश दिए गए। पवन साय ने कार्यकर्ताओं से अभियान को केवल संगठनात्मक कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए जनसेवा और जनसंपर्क के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

जिला कार्यशाला के माध्यम से भाजपा ने स्पष्ट संकेत दिया कि आगामी 'सेवा संकल्प अभियान' को संगठन के जमीनी ढांचे तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। बैठक में बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और जनसंपर्क को और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यशाला में बस्तर संभाग सह प्रभारी संगठन हरपाल सिंह भामरा, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट, प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वर जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, जिला प्रभारी दीपेश अरोरा, जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जिला महामंत्री फूलचंद गागड़ा, संजय लुक्कड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### महिलाओं के तीन प्रतिष्ठित सम्मान के लिए 25 सितंबर तक आवेदन

**बीजापुर, 5 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए तीन पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।इनमें वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार, माता बहादुर कलारिन सम्मान और मिनी माता सम्मान (महिला उद्यमी) शामिल हैं। तीनों सम्मानों के लिए चयनित महिला या संस्था को 2 लाख रुपये की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार वीरता, साहस और आत्मबल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला को दिया जाएगा। माता बहादुर कलारिन सम्मान महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष और नारी उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला को मिलेगा। वहीं मिनी माता सम्मान महिलाओं, विशेषकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला या अशासकीय संस्था को दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक 25 सितंबर 2026 तक निर्धारित प्रपत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बीजापुर के कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित पात्रता और जानकारी bijapur.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### बन्देपारा के जंगल में मिला पुराना प्रेशर आईईडी, बीडीएस टीम ने किया निष्क्रिय



**बीजापुर, 5 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मद्देड़ थाना क्षेत्र के ग्राम बंदेपारा और पेगड़ापल्ली के ग्रामीण जंगल में पुटू (मशरूम) एकत्र करने गए थे। इसी दौरान ग्रामीणों को जमीन पर एक संदिग्ध वायर दिखाई दिया। ग्रामीणों ने बिना छेड़छाड़ किए इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान वहां माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाया गया पुराना प्रेशर बियर बॉटल आईईडी बरामद हुआ। बीडीएस टीम ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आईईडी को मौके पर ही निष्प्रभावी कर दिया। कार्रवाई में थाना मद्देड़ से एएसआई सुरेश जब्बा, सीआरपीएफ 22वीं वाहिनी ;' कंपनी संगमपल्ली से सहायक कमांडेंट मनोज कुमार और बीडीएस टीम शामिल रही। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल या सड़क किनारे कोई संदिग्ध तार, गड्ढा, टिफिन, कंटेनर या अन्य अज्ञात वस्तु दिखाई देने पर उसे न छुएं और तत्काल पुलिस या नजदीकी सुरक्षा कैंप को इसकी सूचना दें।

### जंगल को लेकर भ्रम फैलाने वालों पर केदार कश्यप का पलटवार

**कोंडागांव, 5 सितंबर।** जिले के केशकाल वन मंडल अंतर्गत बीरापारा में आज शुक्रवार को वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महोत्सव में वन मंत्री केदार कश्यप, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, डीएफओ दिव्या गौतम समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और हरियाली का संदेश देते हुए 15 से ज्यादा प्रजाति के 6 हजार से ज्यादा पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमत्री के आह्वान पर एक पेड़ के नाम पर साढे सात करोड़ से उपर वृक्षक्षोपण का कार्यक्रम वन विभाग के माध्यम से किया गया है, जिसका परिणाम देखने को मिल रहा है।उन्होने कहा कि जो लोग यह भ्रम फ्लाने का प्रयास कर रहे हैं कि नक्सलवाद के खत्मे के बाद यहां के जंगलों को उद्योगपतियों को देने की तैयारी में है, मैं बस्तर की जनता से आग्रह करना चाहता हूं कि वह ऐसे भ्रम में ना आए।

# नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंजा विद्यालय परिसर

## जन्माष्टमी पर गोकुल-वृंदावन बना डीएवी स्कूल उल्लूर





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर/भोपालपटनम 5 सितम्बर।** भोपालपटनम के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, उल्लूर में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी, कृष्ण की बाल लीलाओं, नृत्य, नाट्य मंचन और मटकी फोड़ के माध्यम से पूरे माहौल को कृष्णमय कर दिया।

नन्हे विद्यार्थियों के कान्हा और राधा के रूप ने जहां सभी का मन मोह लिया, वहीं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कृष्ण लीलाओं और द्रौपदी चीरहरण के मंचन ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। मटकी फोड़ कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार कोरम तथा विद्यालय के प्राचार्य पी. वेणुगोपाल राव ने दीप प्रज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बीआरसी यालम शंकर एवं शिवराज कर्माकर उपस्थित रहे। इसके बाद हंशिका एवं समूह ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर समारोह को भक्तिमय बना दिया। पारंपरिक वेशभूषा और मधुर संगीत के बीच विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने शुरुआत से ही दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

**नन्हे कान्हा-राधा बने आकर्षण का केंद्र :** जन्माष्टमी समारोह का सबसे मनमोहक दृश्य नन्हे विद्यार्थियों की राधा-कृष्ण झांकी एवं फैंसी ड्रेस रहा। मोरपंख मुकुट, हाथों में बांसुरी और आकर्षक वेशभूषा में सजे नन्हे कान्हाओं तथा राधा के रूप में सजी बच्चियों ने ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया, मानो विद्यालय परिसर ही गोकुल-वृंदावन बन गया हो। अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया और तालियों से उनका हौसला बढ़ाया।

**मंच पर जीवंत हुई कृष्ण की बाल लीलाएं :** विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप और उनकी विभिन्न लीलाओं को अभिनय एवं नृत्य के माध्यम से मंच पर जीवंत किया। कृष्ण की बाल लीलाओं और कालिया नाग प्रसंग की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया।हर प्रस्तुति के बाद तालियों की गड़गड़ाहट से विद्यालय परिसर गूंजता रहा। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से साहस, सत्य, धर्म, मित्रता और कर्तव्य का संदेश भी दिया।

**द्रौपदी चीरहरण ने किया भावुक:** ईशु एवं समूह द्वारा प्रस्तुत द्रौपदी चीरहरण पर आधारित नाट्य प्रस्तुति समारोह का एक महत्वपूर्ण आकर्षण रही। विद्यार्थियों ने अभिनय के माध्यम से महाभारत के इस प्रसंग को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया और धर्म, न्याय एवं नारी सम्मान का संदेश दिया। वहीं अंजलि एवं समूह ने शानदार नृत्य प्रस्तुति देकर समारोह में सांस्कृतिक रंग भर दिया।

**मटकी फोड़ में जबरदस्त उत्साह:** जन्माष्टमी के पारंपरिक उत्सव मटकी फोड़ में भी जमकर उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छोटे बच्चों के लिए आंखों पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़ प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें अरिशा खान ने मटकी फोड़कर सबका ध्यान आकर्षित किया। बड़े विद्यार्थियों की ओर से प्रज्ञा ने मटकी फोड़ी।

**प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान :** विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन, मेहनत और रचनात्मकता की सराहना की।

**बच्चों को संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना जरूरी: प्राचार्य :** प्राचार्य पी. वेणुगोपाल राव ने कहा कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। विद्यालयों में आयोजित ऐसे कार्यक्रम बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।उन्होंने विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी। साथ ही कृष्ण-सुदामा की मित्रता का उदाहरण देते हुए सच्ची मित्रता, प्रेम, समानता और संस्कारों का महत्व बताया। प्राचार्य ने संस्कृत श्लोकों के माध्यम से कर्म के महत्व को समझाते हुए विद्यार्थियों से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने का आह्वान किया।

**गोकुल और वृंदावन जैसा प्रतीत हुआ: बीइओ-** मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी भोपालपटनम विजय कुमार कोरम ने समारोह की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने नन्हे विद्यार्थियों की राधा-कृष्ण झांकी और बाल लीलाओं की विशेष प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों की प्रस्तुति इतनी मनमोहक थी कि ऐसा लग रहा था जैसे भगवान श्रीकृष्ण के साक्षात दर्शन हो रहे हों। उन्होंने कहा कि पूरा विद्यालय परिसर गोकुल और वृंदावन जैसा प्रतीत हो रहा था। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के साथ उन्हें भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं।

**अभिभावकों ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह:** समारोह में अभिभावकों की भी उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। अपने बच्चों को राधा-कृष्ण और अन्य पात्रों के रूप में देखकर अभिभावक उत्साहित नजर आए। उन्होंने प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए बच्चों का तालियों से उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन भानुप्रताप सोनकर ने किया। कार्यक्रम प्रभारी सपना गुर्रम रहीं। आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं में विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफसदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन पर एस. विक्टोरिया रानी ने आभार प्रदर्शन किया।अंत में नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से पूरा विद्यालय परिसर गूंज उठा। भक्ति, संस्कृति, कला और विद्यार्थियों की प्रतिभा से सजा यह जन्माष्टमी समारोह विद्यालय परिवार के लिए यादगार बन गया।

### अन्नपूर्णा पारा में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई श्री कृष्णा जन्माष्टमी

**कांकेर 5 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर के अन्नपूर्णा पारा मोखला मांझी मंदिर चौक के पास शुक्रवार को भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लाह श्रद्धा और भक्ति मय वातावरण में मनाया गया इस अवसर पर श्री भगवान कृष्ण को आकर्षक ढंग से सजाया गया कार्यक्रम में मोहल्ले वाशी की सहभागिता ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ किया गया इसके पश्चात कार्यक्रम आयोजन करता के द्वारा विविध कार्यक्रम श्री कृष्ण के जीवन बाल लीलाओं और आदर्श पर आधार कार्यक्रम का आयोजन किया भगवान श्री कृष्ण के लिए विशेष झूला सजाया गया जो कार्यक्रम का आकर्षण रहा इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सत्य धर्म प्रेम कर्तव्य मित्रता और निस्वार्थ कर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया कार्यक्रम के आयोजन करता सचिन जासवानी ने आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने तथा उसमें सहयोग एकता और भाई चारे की भावना विकसित करने का प्रयास किया कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण भी किया गया कार्यक्रम में अक्षत दुबे सचिन जासवानी डॉक्टर तोरन दसपुर शौर्य तिवारी रागनी पटेल शौर्य वर्धन यामिनी निषाद योगिता कौशल आराध्या तनीष साहू का योगदान रहा ।



# कांग्रेस नेता ब्लॉक अध्यक्षों को भ्रष्टाचार, गुटबाजी और लूट का प्रशिक्षण दे रहे : टेकेश्वर जैन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 5 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन ने कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में कहा कि 5 वर्षो तक छत्तीसगढ़ के खजाने को बेरहमी से लूटने वाले, कोयला-शराब घोटाले करने वाले और प्रदेश के युवाओं को नशे व महादेव सट्टेबाजी के दलदल में धकेलने वाले कांग्रेस के बड़े नेता अब ब्लॉक अध्यक्षों को किस बात का प्रशिक्षण दे रहे हैं? क्या वे कार्यकर्ताओं को यह सिखा रहे हैं कि भ्रष्टाचार कैसे किया जाता है, और जनता की गाढ़ी कमाई पर डाका कैसे डाला जाता है?

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री जैन ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में केवल एक-दूसरे की टांग खिंचाई, गुटबाजी और पद की लालसा बची है। जिस पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेता मंचों पर और बंद कमरों में एक-दूसरे के खिलाफ षड्यंत्र रचते हैं, वे आज बस्तर की शांत धरा पर कार्यकर्ताओं को नैतिकता और संगठन का पाठ पढ़ाने का ढोंग कर रहे हैं। हकीकत यह है कि कांग्रेस का यह शिविर प्रशिक्षण के लिए नहीं, बल्कि हार की हताशा छुपाने और अपनी अंदरूनी गुटबाजी को दबाने की विफल कोशिश है।

श्री जैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले यह स्पष्ट करे कि क्या इस शिविर में ब्लॉक अध्यक्षों को यह सिखाया जा रहा है कि जनता से झूठे वादे कैसे किए जाते हैं और सत्ता मिलते ही उन्हें कैसे भुलाया जाता है? क्या वहां पीएससी जैसे घोटालों से युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने और सट्टेबाजी के तंत्र को संरक्षण देने के गुर सिखाए जा रहे हैं? क्या बस्तर के भोले-भाले आदिवासियों के अधिकारों पर डाका डालने और धर्मांतरण को बढ़ावा देने की रणनीति बनाई जा रही है? श्री जैन ने कहा कि कांग्रेस चाहे जगदलपुर में शिविर लगा ले या कहीं और, प्रदेश की जनता अब उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार आज गांव, गरीब, किसान और युवाओं के कल्याण के लिए पारदर्शी नीति के साथ काम कर रही है, जिससे कांग्रेस पूरी तरह बौखला गई है।

# सहकारी बैंकों के सहकारी समिति प्रबंधक के 1,162 पदों पर होगी भर्ती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 5 सितंबर।** सहकारिता विभाग ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में प्रदेश की सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने प्रदेश के पांच जिला सहकारी केंद्रीय बैंक क्षेत्रों और उनसे संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में कुल 1,360 पदों पर भर्ती की अनुमति प्रदान कर दी है। स्वीकृत पदों में जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के विभिन्न संवर्गों के 198 पद और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में समिति प्रबंधक के 1,162 पद शामिल हैं। समिति प्रबंधक के पदों में 596 पद सीधी भर्ती तथा 566 पद सीमित चयन के माध्यम से भरे जाएंगे। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने विभागीय समीक्षा बैठक में सहकारी बैंकों और समितियों में भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र आगे बढ़ाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बैंकों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों का परीक्षण करते हुए कर्मचारी सेवा नियमों, आरक्षण प्रावधानों और वित्तीय मानदंडों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने को कहा था। इन निर्देशों के बाद विभाग ने प्रस्तावों का परीक्षण कर भर्ती की अनुमति जारी कर दी है। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सहकारी व्यवस्था को अधिक सक्षम और किसान हितैषी बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। सहकारी बैंकों और समितियों में 1,360 पदों पर भर्ती की अनुमति इसी दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, ÷इस भर्ती से प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और सहकारी बैंकों तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी। कर्मचारियों की नियुक्ति होने से किसानों एवं खाताधारकों को बैंकिंग सेवाएं अधिक सरलता और समयबद्धता के साथ मिल सकेंगी। केदार कश्यप ने कहा कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इनके माध्यम से किसानों को ऋण, खाद-बीज और विभिन्न सहकारी योजनाओं का लाभ मिलता है। समिति प्रबंधकों की नियुक्ति से समितियों का संचालन बेहतर होगा तथा कम्प्यूटरीकरण और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को भर्ती की प्रक्रिया कर्मचारी सेवा नियमों और आरक्षण प्रावधानों के अनुसार निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गये हैं।

### सेवा संकल्प अभियान के जरिये जन-जन से जुड़ें कार्यकर्ता: पवन साय

**जगदलपुर, 5 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक सेवा एवं जन समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी समूचे देश में आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक निरंतर एक माह सेवा संकल्प अभियान चलायेगी। जिसमें भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा 13 प्रमुख कार्यक्रम तय किये गये हैं,जिसका आयोजन बूथ स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक किया जायेगा। जिसको लेकर आज शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में सेवा संकल्प जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय शामिल हुये। श्री साय ने कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्र सेवा के सफलतम 25 वर्ष पूरे होने पर सेवा संकल्प अभियान राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप से चलाया जायेगा। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संपूर्ण समर्पण भाव से अभियान से जुड़ कर अपनी महती सहभागिता निभायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूरा जीवन सेवा और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। श्री मोदी ने कोराना जैसी वैश्विक महामारी में देश को संभाला, देशवासियों के स्वास्थ्य की रक्षा के उपाय किये। काश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया, बस्तर सहित पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा किया।

# बस्तर के युवाओं में असीम क्षमता, अराजकता बिल्कुल नहीं: तोमर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 5 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग एवं जिला प्रशासन बस्तर के संयुक्त तत्वावधान में स्व. बलिराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में 'युवा उड़ान 2026' का आयोजन संपन्न हुआ। ÷युवा शक्ति, विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला÷ के मूल मंत्र के साथ आयोजित इस विशेष सम्मेलन में युवाओं के सशक्तिकरण, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी पर गहन मंथन किया गया। बीजापुर से बलरामपुर तक चलाए जा रहे संवाद अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं को सकारात्मक दिशा में ऊर्जा लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर और देश का युवा सदैव सृजनात्मक सोच रखता है और वह कभी अराजक नहीं हो सकता। डिजिटल युग की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने सचेत किया कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली हर बात सच नहीं होती। कुछ विघटनकारी ताकतें भ्रामक सामग्री फैलाकर युवाओं में असंतोष पैदा करने और संवैधानिक संस्थाओं की साख गिराने का षड्यंत्र रचती हैं, इसलिए किसी भी सूचना पर आंख मूंदकर भरोसा करने के बजाय उसके तथ्यों की पड़ताल करना जरूरी है।




देश और प्रदेश में हुए विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए तोमर ने बताया कि वर्ष 2014 की तुलना में देश में एमबीबीएस की सीटें 51 हजार से बढ़कर एक लाख तीस हजार से अधिक और मेडिकल कॉलेज 387 से बढ़कर 823 हो चुके हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर चिकित्सा शिक्षा सुलभ हुई है। दंतेवाड़ा में खुले नए मेडिकल कॉलेज का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि बस्तर के छात्र अब अपने ही अंचल में रहकर डॉक्टर बन रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भर्ती परीक्षाओं में आई शुचिता का उल्लेख करते हुए कहा कि अब बिना किसी सिफारिश के सामान्य और वंचित पृष्ठभूमि के युवा भी डिप्टी कलेक्टर व डीएसपी जैसे उच्च पदों पर चयनित हो रहे हैं। खेल प्रोत्साहन की चर्चा करते हुए उन्होंने कॉमनवेल्थ पदक विजेता ज्ञानेश्वरी यादव को डीएसपी पद व 30 लाख रुपए तथा विश्वकप विजेता कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी को 50 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिए जाने का जिक्र किया। युवाओं को जीवन मूल्यों की सीख देते हुए उन्होंने पतंग और डोर का उदाहरण दिया और कहा कि जीवन में चाहे जितनी भी सफलता मिले, व्यक्ति को अपने परिवार, समाज और सांस्कृतिक जड़ों से हमेशा जुड़े रहना चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा ने युवाओं को देश की दशा और दिशा तय करने वाला मुख्य आधार बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' और 'विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को साकार करने की धुरी युवा पीढ़ी ही है। नागरिकों को सिर्फअधिकारों की मांग करने के बजाय अपने मौलिक कर्तव्यों का भी निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए और यह आत्ममंथन करना चाहिए कि वे समाज और राष्ट्र के उत्थान में क्या योगदान दे रहे हैं। कलेक्टर ने डिजिटल दौर में युवाओं के भीतर तार्किक सोच (क्रिटिकल थिंकिंग) के विकास पर बल दिया, ताकि वे सूचनाओं को सही कसौटी पर परख सकें। स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने के लिए उन्होंने लाला जगदलपुरी लाइब्रेरी में स्थापित 'बस्तर कंटेंट क्रिएटर लैब' का जिक्र किया, जहां पॉडकास्ट, उन्नत कैमरे और वीडियो एडिटिंग की आधुनिक सुविधाएं नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध कराई गई हैं।

समारोह के विभिन्न ज्ञानवर्धक सत्रों में प्रोफेसर मणि शंकर मिश्रा ने केंद्र व राज्य शासन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जबकि प्रोफेसर समीर ठाकुर एवं डॉ. विनय प्रताप सिंह ने 'विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ में युवाओं की भूमिका' विषय पर विचार रखे। इसके साथ ही डॉ. भुवनेश्वर लाल साहू एवं डॉ. सियालाल नाग ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा पर व्याख्यान दिया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने युवाओं को साइबर सुरक्षा और डिजिटल अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर नगर के महापौर संजय पांडे, जिला पंचायत सीईओ तन्मय खन्ना, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में युवागण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मिनीमाता, माता बहादुर कलारिन सम्मान और अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**रायगढ़, 5 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के उत्थान, साहस, संघर्ष और समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2026 के लिए तीन प्रतिष्ठित महिला सम्मान के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। इनमें मिनीमाता सम्मान (महिला उत्थान), माता बहादुर कलारिन सम्मान तथा वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार शामिल हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मिनीमाता सम्मान (महिला उत्थान) विशेष रूप से अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग अथवा अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं अशासकीय संस्थाओं को प्रदान किया जाएगा। माता बहादुर कलारिन सम्मान महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष तथा नारी उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को दिया जाएगा। वहीं वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला को प्रदान किया जाएगा। इसके तहत एक महिला को 2 लाख रुपये की राशि एवं प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप् में प्रदान किया जाएगा।इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन 25 सितंबर 2026 तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, रायगढ़ (छ.ग.) पिन नंबर 496001 में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। पुरस्कारों से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### स्वच्छता की दिशा में रायगढ़ की बड़ी पहल: 2,495 ग्रामीण परिवारों के घरों में बनेंगे शौचालय

**रायगढ़, 5 सितम्बर।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाओं के विस्तार तथा प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित एवं सम्मानजनक शौचालय सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में रायगढ़ जिले ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिले के 2,495 पात्र ग्रामीण परिवारों के घरों में व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आईएचएचएल) निर्माण के लिए 299.40 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।योजना के तहत जनपद पंचायत तमनार के 394, खरसिया के 357, घरघोड़ा के 45, पुसौर के 748 तथा धरमजयगढ़ के 951 परिवारों को व्यक्तिगत घरेलू शौचालय निर्माण का लाभ मिलेगा। इस प्रकार जिले के कुल 2,495 पात्र परिवारों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा। इससे ग्रामीण परिवारों को घर पर ही सुरक्षित एवं स्वच्छ शौचालय की सुविधा उपलब्ध होगी तथा खुले में शौच की प्रवृत्ति को समाप्त करने के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी।स्वीकृत हितग्राहियों के घरों में शौचालय निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराया जाएगा। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात शौचालयों की जियो-टैगिंग एवं आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सत्यापन उपरांत नियमानुसार पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा।

### स्वाइन फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क, जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज में 20 बिस्तरों की व्यवस्था

**रायगढ़, 5 सितम्बर।** जिले में स्वाइन फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। संभावित मरीजों की समय पर पहचान, जांच और उपचार सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज में स्वाइन फ्लू के मरीजों के उपचार के लिए अलग-अलग 10-10 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। आवश्यकता पड़ने पर बिस्तरों की संख्या बढ़ाई भी जा सकेगी। सीएमएचओ डॉ. अनिल जगत ने बताया कि स्वाइन फ्लू के संभावित मरीज मिलने की स्थिति में उपचार के लिए जिले में आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। संदिग्ध मरीजों को अन्य मरीजों से अलग रखकर उपचार देने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। जरूरत के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।जांच की सुविधा भी उपलब्ध-स्वाइन फ्लू के संदिग्ध मरीजों की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां की गई हैं। सैंपल संग्रहण के लिए वायरल ट्रांसपोर्ट मीडिया (वीटीएम) उपलब्ध है, वहीं आरटीपीसीआर जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इससे संदिग्ध मामलों की समय पर जांच कर आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

ओसेल्टामिविर सहित आवश्यक दवाएं उपलब्ध-स्वाइन फ्लू के उपचार के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। मरीजों के उपचार के लिए ओसेल्टामिविर सहित अन्य आवश्यक सहायक दवाएं उपलब्ध रखी गई हैं। संदिग्ध मरीज मिलने पर उनकी स्थिति और चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार आवश्यक जांच एवं उपचार की व्यवस्था की जाएगी।

---

विधायक बोले-समस्या जनता की है, समाधान की जिम्मेदारी हमारी

# मुसीबत में जनता के साथ खड़े दिखे विधायक,तत्काल समाधान से ग्रामीणों में खुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 5 सितंबर।** पहली बारिश में कोसमबुढ़ा-सारागांव मार्ग पर स्थित पुल के टूटने के बाद करीब दो महीने से इलाके के 10 पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीण आवागमन की समस्या से जूझ रहे थे। टूटे पुल ने लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किल कर दी थी। छुरा आने-जाने के लिए ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही थी और बारिश के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो गई थी।ऐसे समय में जब ग्रामीण लंबे समय से स्थायी समाधान की आस लगाए बैठे थे, राजिम विधायक रोहित साहू ने खुद मोर्चा संभालते हुए मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की परेशानी का तत्काल समाधान कराने की पहल की। बुधवार को विधायक टूटे पुल के पास पहुंचे और हालात का जायजा लेने के बाद अधिकारियों के भरोसे बैठने के बजाय तुरंत जेसीबी और ट्रैक्टर मौके पर बुलवाए और अस्थाई एप्रोच रोड का काम शुरू करा दिया।

#### सिर्फ निरीक्षण नहीं, खुद खड़े होकर कराया काम

विधायक रोहित साहू की पहल की खास बात यह रही कि वे महज मौके का निरीक्षण करके वापस नहीं लौटे। विधायक खुद मौके पर खड़े रहे और अपनी मौजूदगी में जेसीबी-ट्रैक्टर से एप्रोच रोड तैयार करवाते रहे। देखते ही देखते टूटे मार्ग पर वैकल्पिक रास्ता तैयार होने लगा और लंबे समय से परेशानी झेल रहे ग्रामीणों के चेहरे पर राहत नजर आने लगी। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब दो महीनों से टूटे पुल के कारण आवाजाही बेहद मुश्किल हो गई थी। जरूरी काम से छुरा पहुंचना हो या बाजार, अस्पताल अथवा अन्य कार्यों के लिए आना-जाना–हर काम में परेशानी उठानी पड़ रही थी। ऐसे में विधायक द्वारा मौके पर पहुंचकर तत्काल वैकल्पिक रास्ता तैयार करवाना ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आया है।

#### 10 पंचायतों के ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

कोसमबुड़ा-सारागांव मार्ग से जुड़े करीब 10 पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीणों के लिए यह एप्रोच रोड फिलहाल बड़ी राहत लेकर आया है। वैकल्पिक मार्ग तैयार होने के बाद अब नदी के उस पार रहने वाले लोगों की छुरा तक पहुंच आसान हो गई है।ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बीच टूटे पुल के कारण जिस रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया था, वहां विधायक की पहल से अस्थाई आवागमन बहाल हुआ है। लोगों ने उम्मीद जताई है कि अब पुल के स्थायी समाधान की दिशा में भी जल्द काम होगा।

#### मुश्किल घड़ी में जनता के बीच पहुंचे विधायक

क्षेत्रवासियों के बीच विधायक रोहित साहू की इस पहल की जमकर चर्चा हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नेता सिर्फ समस्या सुनने नहीं, बल्कि समस्या के बीच खड़े होकर उसका समाधान कराने के लिए भी सामने आएं–यही असली जनप्रतिनिधित्व है।विधायक के मौके पर पहुंचने और तत्काल मशीनरी लगवाकर रास्ता तैयार कराने से लोगों में यह संदेश गया कि उनकी समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है। यही वजह है कि क्षेत्र के ग्रामीण विधायक की सक्रियता और त्वरित पहल की खुलकर सराहना कर रहे हैं।



#### रोहित साहू की कार्यशैली की हो रही चर्चा

क्षेत्र में विधायक रोहित साहू की इस पहल को लेकर यह चर्चा भी तेज है कि समस्या सामने आते ही मौके पर पहुंचना, अधिकारियों का इंतजार किए बिना तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था खड़ी करना और खुद खड़े होकर काम की निगरानी करना उनकी सक्रिय कार्यशैली को दर्शाता है।टूटे पुल के कारण दो महीने से परेशान ग्रामीणों को फिलहाल राहत मिल गई है। अब ग्रामीणों की निगाहें पुल के स्थायी निर्माण पर टिकी हैं। वहीं तत्काल एप्रोच रोड बन जाने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और लोग विधायक रोहित साहू की इस पहल की सराहना करते हुए नजर आ रहे हैं।जनता की परेशानी को अपनी परेशानी समझकर मौके पर उतरना और समाधान होने तक डटे रहना–कोसमबुड़ा-सारागांव में विधायक रोहित साहू की यही सक्रियता इस समय राजिम विधानसभा में चर्चा का विषय बनी हुई है।

---

# छुरा में धूमधाम से मना कान्हा का जन्मोत्सव भक्ति और उल्लास में डूबा यादव समाज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा,5 सितंबर।** छुरा नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। यादव समाज छुरा नगर के तत्वावधान में सहाड़ादेव बाजार परिसर में आयोजित भव्य जन्माष्टमी उत्सव में दिनभर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा से हुई। राउत नाचा पार्टी पिपरछेड़ी के साथ निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में माताएं-बहनें सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए यात्रा जब गुजरी तो नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। दोपहर 1 बजे से माताओं का परंपरागत मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान यादव समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कृष्ण भक्ति से जुड़े लोकगीतों पर नृत्य भी किया। मटकी फोड़ते ही परिसर तालियों और जयकारों से गूंज उठा। शाम 5 बजे से छुरा के स्थानीय म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या की शुरुआत की गई, जिसमें कलाकारों ने भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम 7 बजे से जय गुरुदेव संकीर्तन मंडली का कार्यक्रम हुआ। कुड़ेरादादर से पधारे कामता प्रसाद जी ने अपनी मधुर वाणी में संकीर्तन प्रस्तुत किया। रात्रि 10 बजे से अंतिम चरण में जय कपीश मानस परिवार, आमाकोनी (बागबाहरा) द्वारा कृष्ण जन्म लीला का सजीव मंचन किया गया। ठीक मध्यरात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर शंख-घंट-घड़ियाल बजे और ÷हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की÷ के उद्घोष से पंडाल गूंज उठा। भगवान को पंचामृत से स्नान कराकर माखन-मिश्री का भोग लगाया गया और प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए यादव समाज के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों ने नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

### सुदूर क्षेत्रों में 183 पुल-पुलियों के निर्माण को मिली स्वीकृति

**कांकेर, 5 सितम्बर।** जिले के दुर्गूकोंदल विकासखंड के ग्राम सोनपाल के पास से बहने वाले नाले में पुल नहीं होने के कारण बरसात के मौसम में ग्रामीणों को होने वाली परेशानी संबंधी समाचार प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग कांकेर ने इस संबंध में तथ्यात्मक जानकारी दी है।

लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग कांकेर के अनुसार, एस.एच.-26 पखांजूर-भानुप्रतापपुर मार्ग में ग्राम सोनपाल के पास बहने वाले नाले के डाउन-स्ट्रीम में पुल का निर्माण किया जा चुका है। उक्त पुल की ग्राम सोनपाल से दूरी लगभग ढाई किलोमीटर है और वर्तमान में इस पुल के माध्यम से आवागमन भी हो रहा है।जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई है कि बरसात के दौरान नाले में पानी का स्तर बढ़ने अथवा नाला उफान पर होने की स्थिति में जोखिमपूर्ण तरीके से नाला पार करने के बजाय निर्मित पुल का उपयोग करते हुए सुरक्षित आवागमन करें।

---

## समाचार संक्षेप

### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में सूचना के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद, 5 सितंबर।** आर टी आई एवं सामाजिक कार्यकर्ता परमानंद कुर्रे ने बताया कि उनके द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में सूचना का अधिकार लगाया था जिसमे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा जितने भी प्रथम अपील की सुनवाई कि गई है । प्रथम अपील का पारित आदेश की प्रति आज दिनांक अपीलार्थी को उपलब्ध नहीं कराई गई हैं जो सूचना के अधिकार अधिनियम के विरुद्ध है । शासकीय कार्य लिखित पत्र व्यवहार के माध्यम से किया जाना होता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के मुख्य कार्यालय में इस प्रकार का अज्ञानता पूर्ण कार्य करना कही न कही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह प्रथम अपीलीय अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार उजागर न हो इसलिए जनसूचना अधिकारियों को संरक्षण दे रहे है ।इन संबंध में आर टी आई एवं सामाजिक कार्यकर्ता परमानंद कुर्रे ने यह भी कहा कि वे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय और उनके अधीनस्थ सिविल अस्पताल कुरूद के कुछ मामलों को लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और स्वास्थ्य सचिव को लिखित में शिकायत करेंगे और धमतरी जिले के स्वास्थ्य विभाग को सुधारने प्रशासनिक दक्षता रखने वाले अधिकारी को पदस्थ करने मांग करेंगे ।



### जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा 'सेवा संकल्प अभियान'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 5 सितम्बर।** जन सेवा के प्रति आभार व्यक्त करने, विकसित भारत-2047 के सामूहिक संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने तथा केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' आयोजित किया जाएगा।छत्तीसगढ़ शासन, जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप अभियान के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के माध्यम से प्रत्येक परिवार की सहभागिता के साथ व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी तथा केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम नागरिकों को जोड़ा जाएगा। अभियान के समन्वय एवं मॉनिटरिंग के लिए जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी श्री श्यामानंद साहू को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।नगरीय निकाय क्षेत्रों में कार्यक्रमों के संचालन के लिए आयुक्त, नगर पालिक निगम रायगढ़ को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही जिले के सभी नगर पालिका क्षेत्रों में संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 5 सितंबर।** लौह नगरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। तहसील साहू संघ, दल्ली-राजहरा के तत्वावधान में संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा मंदिर, गांधी चौक में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया गया। पूरे मंदिर परिसर को फूलों और रोशनी से सजाया गया था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष तोरण लाल साहू उपस्थित थे , कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील साहू संघ के ऊर्जावान अध्यक्ष शीतल साहू ने कीकार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण के विधि-विधान से अभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई। पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच भगवान का दुग्धाभिषेक किया गया। इसके पश्चात माँ कर्मा मानस मंडली के सदस्यों द्वारा श्रीरामचरितमानस का सुमधुर पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवा और बच्चे इस आयोजन में शामिल हुए तहसील अध्यक्ष शीतल साहू ने उपस्थित सभी स्वजनों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई दिया

मुख्य अतिथि तोरण लाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने हम सभी को धर्म के मार्ग पर चलने और कर्म करते रहने का संदेश दिया है। हम सबको उनके द्वारा दी गई शिक्षा को अपने जीवन में उतारना होगा।उन्होंने कहा कि हमारे समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त माँ कर्मा और भगवान श्रीकृष्ण के बीच भक्त और भगवान का जो अटूट प्रेम था, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। कहा जाता है कि भक्त माँ कर्मा की निश्छल भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान श्रीकृष्ण स्वयं बाल रूप में प्रतिदिन जगन्नाथ मंदिर से निकलकर उनकी छोटी सी कुटिया में खिचड़ी खाने आया करते थे। भक्त और भगवान का यह संबंध हमें सच्चाई, ईमानदारी और निस्वार्थ भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश देता है।नन्हे मुन्ने बच्चों को भगवान श्री कृष्णा और महारानी राधा का वेशभूषा में सजाया गया था । जहां पर दही लूट का भी आयोजन मंदिर परिसर में किया गया । भगवान श्री कृष्ण और राधा के साथ सभी ने राउत नाचा कभी आनंद लिया ।इस अवसर पर तहसील साहू संघ महिला प्रकोष्ठ द्वारा पारंपरिक मटका फोड़ खेल का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और यह आयोजन का मुख्य आकर्षण बन गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सीमा साहू, संगीता साहू एवं कुंजेश्वरी साहू को मंच से श्रीफल देकर सम्मानित किया गया

---

# रायगढ़ की बदलेगी तस्वीर,विकास परियोजनाओं का ओपी चौधरी ने किया मैराथन निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 5 सितम्बर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास को नई गति मिल रही है। इसी क्रम में रायगढ़ को आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने शुक्रवार को शहर की प्रमुख विकास परियोजनाओं का मैराथन निरीक्षण किया। उन्होंने ऑक्सीजोन, पुल, केलो रिवर फ्रंट, मरीन ड्राइव, नालंदा परिसर, खेल एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं का जायजा लेते हुए गुणवत्ता और समय-सीमा के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने दूध डेयरी ऑक्सीजोन से निरीक्षण की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने गोवर्धनपुर में केलो नदी पर निर्माणाधीन पुल, खर्राघाट स्थित केलो रिवर फ्रंट, नालंदा परिसर, एसईसीएल रोड मरीन ड्राइव, कयाघाट पुल, मिनी स्टेडियम स्थित स्केटिंग रिंग, कौहाकुंडा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, स्टेडियम और एफसीआई ऑक्सीजोन का निरीक्षण किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ के विकास के लिए जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर और निर्माण एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि शहर की अधोसंरचना को मजबूत कर लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परियोजना की गहन निगरानी की जा रही है, ताकि विकास कार्य तेजी और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे हों।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि औद्योगिक विकास के अनुरूप रायगढ़ में जिस स्तर की अधोसंरचना विकसित होनी चाहिए थी, वह लंबे समय तक अपेक्षित गति से नहीं बन पाई। इसके कारण शहर को यातायात, भारी वाहनों, दुर्घटनाओं, धूल और प्रदूषण जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा। अब इन चुनौतियों के स्थायी समाधान के लिए सुनियोजित तरीके से बड़े अधोसंरचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने रिंग रोड को रायगढ़ के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना बताते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। घरघोड़ा रोड से झारसुगुड़ा रोड को जोड़ने के लिए प्रथम चरण में कार्य किया जा रहा है, जिस पर 400 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होने की संभावना है। भविष्य में रायगढ़ से घरघोड़ा तक सड़क को फोरलेन करने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे। आने वाले एक-दो वर्षों में रायगढ़ के विकास की तस्वीर जमीन पर स्पष्ट दिखाई देगी।

---

# पीएम किसान सम्मान निधि की बचत से खरीदी पहली गाय, 10 गायों के साथ आत्मनिर्भर बने 75 वर्षीय परशुराम गुप्ता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 5 सितम्बर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना कई किसानों के लिए नई संभावनाओं का आधार बन रही है। ग्राम पंचायत महापल्ली के 75 वर्षीय किसान श्री परशुराम गुप्ता ने भी योजना के तहत प्राप्त राशि को केवल दैनिक जरूरतों में खर्च करने के बजाय बचत कर गौ-पालन की शुरुआत की और आज वे सफलतापूर्वक अपना व्यवसाय संचालित कर रहे हैं।

श्री परशुराम गुप्ता ने वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली दो-दो हजार रुपए की किस्तों को बचाकर लगभग 10 हजार रुपए की पूंजी जुटाई। इसी राशि से उन्होंने पहली गाय खरीदी और गौ-पालन की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे अपनी आय और संसाधनों को बढ़ाते हुए एक-एक कर गायों की संख्या में वृद्धि की। आज उनके पास 10 गाय हैं और वे नियमित रूप से दूध उत्पादन कर रहे हैं। वर्तमान में श्री गुप्ता प्रतिदिन लगभग 100 लीटर दूध बेचते हैं। वे दूध को स्थानीय डेयरी में 40 रुपए प्रति लीटर की दर से विक्रय करते हैं। इससे उनके गौ-पालन व्यवसाय का मासिक कारोबार लगभग 1 लाख 20 हजार रुपए तक पहुंच रहा है। खर्च निकालने के बाद होने वाली आय ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

75 वर्ष की आयु में भी श्री परशुराम गुप्ता पूरी लगन के साथ गौ-सेवा और गौ-पालन से जुड़े हुए हैं। वे बताते हैं कि बचपन से ही उन्हें पशुपालन का शौक था और गायों की सेवा उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से प्राप्त राशि ने उन्हें अपने इस अनुभव और रुचि को आय के बेहतर माध्यम में बदलने की प्रारंभिक पूंजी उपलब्ध कराई। श्री गुप्ता कहते है कि शासकीय योजनाओं से मिलने वाली छोटी-छोटी आर्थिक सहायता का योजनाबद्ध उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्र के किसान आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि से शुरू हुआ उनका छोटा प्रयास आज एक सफल गौ-पालन व्यवसाय के रूप में विकसित हो चुका है। यदि अनुभव, मेहनत और उपलब्ध संसाधनों का सही दिशा में उपयोग किया जाए तो उम्र कभी भी आत्मनिर्भर बनने की राह में बाधा नहीं बनती।

---

# एक शिक्षक के प्रयास ने जंगल से दिल्ली तक पहुंचाया, पहली बार विशेष जनजाति कमार बच्चे नीट में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा,5 सितंबर।** एक शिक्षक अगर दिल से मन बना ले तो क्या नहीं हो सकता यह साबित हो रहा है, एकलव्य विद्यालय कोसम बूढ़ा में, जहां पर विगत 2 साल पूर्व जिस स्कूल को सबसे पिछड़े में जाना जाता था ,2 साल पूर्व यहां पर प्राचार्य डॉक्टर कमलाकांत यादव के प्रतिस्थापना हुई और 2 साल में उन्होंने विद्यालय को उपलब्धि हासिल की जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती, इसका श्रेय अपनी पूरी टीम को दिया, उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार आगे किया जाए और आने वाले समय में शिक्षा के साथ-साथ खेल के रूप में भी इतना विद्यालय को जाना जाएगा, उन्होंने कहा कि उनकी पदस्थापना 2 साल पहले हुई तभी विद्यालय काफी पिछड़ा हुआ जाना जाता था, 1 साल तक उन्होंने सिर्फ यहां के परीक्षा परिणाम सुधारने में लगाया उसके पश्चात यहां के बच्चों को उनके रुचि के अनुसार प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए चयनित किया गया जिसका परिणाम हुआ कि यहां के बच्चों ने

जनवरी में दिल्ली में आयोजित यूथ ग्राम सभा में देश भर के 800 विद्यालय में से प्रतियोगिता करते हैं प्रथम स्थान प्राप्त किया गया और भारत मंडपम में एक करोड़ रूपया का चेक केंद्रीय मंत्री के द्वारा प्रदान किया गया है इससे पता चलता है कि परिवर्तन कितना तेज़ी से हुआ है, उसके पश्चात 18 जून को देश के आठ उत्कृष्ट विद्यालय में से एकलव्य विद्यालय को विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रशिक्षण के लिए चुना गया है।



एकलव्य विद्यालय कोसमबुड़ा बना राष्ट्रीय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE), देश भर से चयनित 60 जनजातीय बच्चों को मिलेगी JEE-NEET की निःशुल्क आवासीय कोचिंग जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति , नई दिल्ली द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) कार्यक्रम के अंतर्गत देश के चुनिंदा 8 एकलव्य विद्यालयों को उत्कृष्टता केंद्र घोषित किया गया है। इस अत्यंत प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सूची में छत्तीसगढ़ से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय , कोसमबुडा (छुरा, गरियाबंद) ने अपना स्थान सुरक्षित कर पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इस केंद्र में देश भर से चयनित कुल 60 मेधावी जनजातीय विद्यार्थी प्रवेश लेंगे, जिसमें 14 लड़के और 46 लड़कियाँ शामिल हैं। यह पूरे देश के सभी 48 केंद्रों में बालिकाओं की सबसे बड़ी संख्या है, जो जनजातीय समाज में महिला शिक्षा और सशक्तिकरण की एक नई क्रांति का संकेत है। इसी तरह कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी हुआ हमने सभी बच्चे पास तो हुए किंतु नीट की परीक्षा में 15 बच्चों का चयन हुआ है जो 23 बच्चों में से है अपने सबसे महत्वपूर्ण बातें हैं कि दो बच्चे कमार जनजाति के हैं जो पहली बार मेडिकल कॉलेज में अध्ययन करेंगे साथ ही साथ इनमें से तीन बच्चे हैं यह एडवांस के लिए चयन हुए साथ अन्य स्थान पर भी चयन हुआ है जिनका अभी अपने-अपने चयनित स्थानों पर एवं रहने की व्यवस्था लगभग लगभग तय हो रही है।

# बृजमोहन अग्रवाल के निवास पर धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**रायपुर 5 सितंबर।** रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल के परिवार ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास एवं भक्तिमय माहौल में मनाया। मौलश्री विहार स्थित 'श्री राम जी वाटिका' में आयोजित इस पारिवारिक उत्सव में राधा-कृष्ण के मनमोहक स्वरूप में सजे परिवार के नन्हे-मुन्नों ने उत्साहपूर्वक मटकी फोड़ी, जिसने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने समस्त प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना करते हुए कहा कि मुरलीधर की कृपा से हर घर-आंगन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली का वास हो तथा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहे। उत्सव के दौरान परिजनों एवं शुभचिंतकों ने पारंपरिक भजनों और पूजा-अर्चना के साथ भगवान लड्डू गोपाल का स्वागत किया।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य झांकी के साथ निकली विशाल शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 5 सितंबर।** राधे श्याम मंदिर में भजन कीर्तन के साथ श्री कृष्ण भगवान के नाम के साथ शुरू हुवा दिन, दिन भर भजन कीर्तन कर नगर में यादव समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी के पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ झांकी भी पुरे नगर में निकाली जो राधे श्याम मंदिर से नगर के प्रमुख स्थनों पहुंची सिमगा के दाऊ पारा से झांकी के निकलते समय सुनील माहेश्वरी, रिंकू भाटिया, भागवत सोनकर द्वारा व साथिओं के द्वारा इस हर्ष उलाष के मौके पर भगवान श्री कृष्ण व यादव समाज का स्वागत किया एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

जन्माष्टमी के अवसर पर भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप का पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान यादव समाज के पदाधिकारी, सदस्य छोटू यदु कान्हा यदु,दाऊ यदु एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। यादव समाज के लोगों ने कहा कि जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पावन पर्व है, जिसे प्रतिवर्ष श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाज के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# कृष्णमय हुआ शक्ति कॉन्वेंट स्कूल, राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे नन्हे कलाकारों ने मोहा मन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 5 सितंबर।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर गुरुवार को शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, सिमगा का पूरा परिसर कृष्णमय नजर आया। राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बाल गोपाल की बाल लीलाओं, भक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण का संचार किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनकी शिक्षाओं पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। नन्हे विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण के रूप में मनमोहक प्रस्तुति देकर भारतीय संस्कृति और परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत की।



विद्यालय के डायरेक्टर श्री कमल सोनी ने विद्यार्थियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, कर्म, सत्य और धर्म का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

प्राचार्या श्रीमती शोभा सोनी ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों को अपनी जड़ों, संस्कारों और भारतीय परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

उप-प्राचार्य डॉ. आकाश सोनी ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस और कर्तव्य के मार्ग पर चलते रहने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में विद्यालय की व्याख्याता श्रीमती स्मिता सोनी, श्री अभिषेक जैन, श्री फिरोज कुरैशी एवं श्री मोरजध्वज साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन श्रीकृष्ण के जयघोष के साथ हुआ।

# राधे-कृष्णा मंदिर में हलषष्ठी पर माताओं ने रखा संतान की सुख-समृद्धि के लिए व्रत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 5 सितंबर।** सिमगा राधे कृष्णा मंदिर के पुजारी पंडित बलराम चतुर्वेदी द्वारा मंदिर परिसर पर हलषष्ठी (हरछठ) का पर्व बुधवार को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपनी संतान की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर व्रत रखा। घरों और पूजा स्थलों पर महिलाओं ने विधि-विधान से हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना की और कथा सुनी।

भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व को कई स्थानों पर हलछठ, हरछठ और ललई छठ के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह दिन भगवान बलराम के जन्म से जुड़ा है। पर्व में कृषि और हल से संबंधित वस्तुओं का विशेष महत्व माना जाता है।

महिलाओं ने पूजा के दौरान पारंपरिक सामग्री अर्पित कर परिवार की खुशहाली और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूजा के बाद हलषष्ठी व्रत की कथा सुनाई गई और आरती की गई। पर्व को लेकर सुबह से ही महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

## एक नजर

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी प्रेम और संस्कृति से जुड़े रहने का पर्व : अरुण साव

**रायपुर, 5 सितंबर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज मानस मंच लोरमी में सर्व यादव समाज एवं यदुवंशी सेना द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने भव्य शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि यादव समाज सनातन संस्कृति और परंपराओं की मजबूत पहचान है। समाज राउत नाचा जैसी समृद्ध लोक परंपराओं को आज भी सहेजकर आगे बढ़ा रहा है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हमें एकजुटता, प्रेम और उल्लास के साथ अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश देता है। जन्माष्टमी उत्सव पर मानस मंच से बाइक रैली निकाली गई। रैली शिवपाट होते हुए लोरमी शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इसके बाद शीतला मंदिर, बाजारपारा से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो मेन रोड होते हुए मानस मंच पहुंची। मानस मंच में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। छत्तीसगढ़ रत्न प्रसिद्ध लोकगायिका आरु साहू ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही 'महादेव तांडव' रोड शो और बाइक रैली निकली। बड़ी संख्या में समाज के लोग और श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सर्व यादव समाज लोरमी द्वारा निःशुल्क रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में समाज के साथ इच्छुक लोगों ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया। लोरमी नगर पालिका के अध्यक्ष श्री सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. अशोक जायसवाल, जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती वर्षा सिंह, श्री विक्रम सिंह, श्री गुरमीत सलूजा, श्री धनीराम यादव और श्री संजय यादव सहित यादव समाज तथा यदुवंशी सेना के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव में शामिल हुए।

# नौकरी के नाम पर छह लाख की ठगी का आरोप कृष्णा-प्रणव अवस्थी पर एक और एफआईआर

■ फर्जी ट्रांसफर और नौकरी के नाम पर लेन-देन के मामलों के बीच नया मामला सामने आया, पूर्व सरपंच की शिकायत पर पुलिस ने शुरू की जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 5 सितंबर।** फर्जी स्थानांतरण आदेश मामले में जेल में बंद और भाजपा से छह वर्ष के लिए निष्कासित पूर्व जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी तथा उनके पुत्र प्रणव अवस्थी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब नौकरी लगाने के नाम पर छह लाख रुपए की कथित ठगी का एक और मामला सामने आया है। ग्राम ओड़ान निवासी पूर्व सरपंच जीवन लाल कमल की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एफआईआर के अनुसार जीवन लाल कमल (49) खेती-किसानी करते हैं और ग्राम पंचायत ओड़ान के पूर्व सरपंच रह चुके हैं। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि कृष्णा



अवस्थी और प्रणव अवस्थी ने प्राथी सहित सोहन कन्नौजे, डोमार कन्नौजे एवं श्रीराम कन्नौजे को नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया और इसके एवज में उनसे छह लाख रुपए लिए।

शिकायतकर्ता के अनुसार 14 सितंबर 2025 को बलौदाबाजार स्थित भाजपा कार्यालय में नौकरी के लिए पहली किस्त के रूप में राशि दी गई थी। इसके बाद आरोपियों की ओर से एक माह के भीतर नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया जाता रहा। निर्धारित समय बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लगने पर जीवन लाल ने रकम वापस करने की मांग की।

शिकायत के मुताबिक 16 फरवरी 2026 को कृष्णा अवस्थी ने संपर्क कर दूसरी किस्त में बाकी की रकम भी भाजपा कार्यालय में बुला कर ले ली। आरोप है कि उस समय नौकरी लगाने के संबंध में कलेक्टर कार्यालय के पास प्रणव अवस्थी ने मिलने के लिए बुलाया। इसके बाद भी मामला आगे नहीं बढ़ा और शिकायतकर्ता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने नौकरी लगाने के नाम पर अन्य लोगों से भी रकम ली है। हालांकि, अन्य लोगों से रकम लेने संबंधी आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस अब शिकायत में बताए गए लेन-देन और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

गौरतलब है कि कृष्णा अवस्थी और प्रणव अवस्थी पहले से ही आरएमए करण देवांगन के कथित फर्जी स्थानांतरण आदेश मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में दोनों समेत छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसके बाद कसडोल में बीज एवं कृषि विकास निगम के नाम पर कथित फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर दो लाख रुपए लेने का आरोप सामने आया था।

वहीं, शराब दुकान में सेल्समैन की नौकरी लगाने के नाम पर 50 हजार रुपए लेने के आरोप में भी प्रणव अवस्थी के खिलाफसिटी कोतवाली में अलग से एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इन मामलों में पुलिस कथित बैंक लेन-देन, मोबाइल और व्हाट्सऐप पर हुई बातचीत तथा संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही है।

नौकरी और स्थानांतरण से जुड़े लगातार सामने आ रहे मामलों के बीच 6 लाख रुपए की नई एफआईआर ने मामले को और गंभीर बना दिया है। पुलिस अब शिकायतकर्ता द्वारा बताए गए लेन-देन, आरोपियों से संपर्क, नौकरी लगाने के आश्वासन और इसमें कथित रूप से मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले लोगों की जानकारी जुटाएगी।

# भाजपा संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर का कार्यकर्ता : जगन्नाथ पाणिग्रही



■ डोंगरगढ़ में चार मंडलों की संगठनात्मक बैठक संपन्न, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ .5 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक डोंगरगढ़ में संपन्न हुई। बैठक में डोंगरगढ़ शहर एवं ग्रामीण मंडल, घुमका एवं तिलई मंडल के मंडल प्रभारी, सह - प्रभारी, अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित संगठन के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक मे मार्गदर्शन संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने किया। कोमल सिंह राजपूत की अध्यक्षता मे बैठक आहूत की गई ।इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती,जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला संगठन प्रभारी जितेन्द्र वर्मा, डोंगरगढ मंडल प्रभारी जितेन्द्र साहू, मार्कफेड के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, विनोद खांडेकर,जिला महामंत्री सौरभ कोठारी,डीकेश साहू डोंगरगढ़ मंडल के सहप्रभारी किशुन यदु, तिलई मंडल प्रभारी रवि सिन्हा, घुमका मंडल प्रभारी अमर लालवानी उपस्थित थे।

बैठक में शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर पार्टी द्वारा संचालित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। मंडलवार कार्यों की समीक्षा करते हुए बूथों को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने तथा संगठन के आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा, ÷भाजपा की असली ताकत उसका बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। जब बूथ मजबूत होगा, तभी संगठन और अधिक मजबूत होगा। प्रत्येक पदाधिकारी अपने दायित्व को पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ निभाते हुए संगठन को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि संगठन केवल चुनाव के समय सक्रिय रहने वाला तंत्र नहीं, बल्कि निरंतर जनसंपर्क और सेवा के माध्यम से समाज के साथ जुड़ा रहने वाला संगठन है। कार्यकर्ताओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर करना चाहिए।

भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बैठक की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि विगत 10 वर्षो से डोंगरगढ मे कांग्रेस का विधायक है, इस बार मां बम्बलेश्वरी की पावन भूमि मे कमल खिलाना है, इसलिए 2 वर्ष पूर्व से संगठन क्रियाशील होकर कार्य कर रहा है, उन्होने कहा कि शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता संगठन की मजबूती का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। मंडल के प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संपर्क और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए पूरी टीम प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही । प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने कहा, संगठन द्वारा दिए गए प्रत्येक दायित्व को समयबद्ध तरीके से पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए भाजपा के संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाया जाएगा।÷

बैठक का सफल संचालन सत्य प्रकाश मिश्रा ने किया । बैठक मे प्रमुख रूप से रमन डोंगरे, किरण बारले,हरविंदर मगे, महेंद्र अग्रवाल, प्रकाश चौरडिया, जैन मेश्राम, कुलवंत कक्कड़, सुरेंद्र सिंह बनोआना, प्रदीप बाघ, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, जसमीत सिंह बनोआना, अमित जैन विजेंद्र सिंह ठाकुर, वीरेंद्र सोनी, अनिल सिंह, राकेश साहू, जितेंद्र गायकवाड आदि उपस्थित थे।

# आईआईटीयन और केबीसी प्रतिभागी योगेश अब यूपीएससी की तैयारी में

■ योगेश ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा से की मुलाकात, लोकप्रिय टीवी शो कंटेस्टेंट बनने तक के सफर का अनुभव किया साझा

■ कलेक्टर शर्मा ने योगेश को यूपीएससी में बेहतर प्रदर्शन के लिए दिए महत्वपूर्ण टिप्स

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,5 सितंबर।** जिले के प्रतिभाशाली युवा एवं ग्राम टेहका निवासी योगेश साहू ने गुरुवार को कलेक्टर कुलदीप शर्मा से सौजन्य भेंट की। इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने योगेश से यूपीएससी एस्पिरेंट से लेकर लोकप्रिय टीवी शो केबीसी कंटेस्टेंट बनने तक के उनके सफर के बारे में चर्चा की। योगेश ने आईआईटी बॉम्बे से बी टेक किया है और वर्तमान में यूपीएससी की तैयारी मे जुटे हैं।

कलेक्टर श्री शर्मा ने यूपीएससी की तैयारी को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए योगेश को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिये । उन्होंने कहा कि यूपीएससी का लक्ष्य बहुत बड़ा होता है और इसकी तैयारी में बहुत मेहनत लगती है। यूपीएससी प्रीलिम्स क्लियर करने के बाद मेन्स की तैयारी के लिए मिलने वाले करीब 120 दिन बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। इस अवधि में अभ्यर्थी को पूरी एकाग्रता के साथ तैयारी करनी चाहिए और अपना फोकस भटकने नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने समय प्रबंधन, अध्ययन की रणनीति और परीक्षा की तैयारी से जुड़े कई उपयोगी सुझाव भी योगेश के साथ साझा किए।

कलेक्टर श्री शर्मा ने दिल्ली में छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए संचालित ट्राइबल यूथ हॉस्टल के बारे में भी योगेश को जानकारी दी, जहां यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए रहने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने योगेश को आगामी यूपीएससी तैयारी में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने योगेश के प्रयासों और उनके लक्ष्य की सराहना करते हुए उन्हें आगामी यूपीएससी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

योगेश ने बताया कि यदि यूपीएससी परीक्षा में सफल होते हैं तो उनकी आगामी कोशिश आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने और उनकी मदद करने की होगी। उन्होंने कहा कि अपने सफर में जिन चुनौतियों और परेशानियों का उन्हें सामना करना पड़ा, वे दूसरे बच्चों को न झेलनी पड़ें, इसके लिए वे आगे काम करना चाहते हैं।

योगेश के पिता गयाराम साहू ड्राइवर के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने अपने जीवन में अनेक संघर्षों का सामना करते हुए बेटे की शिक्षा और उसके सपनों को पूरा करने के लिए हरसंभव सहयोग दिया। उन्होंने योगेश की पढ़ाई को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उसे आईआईटी मुंबई तक पहुंचाया। आईआईटी के कैंपस में योगेश को अच्छी नौकरी का ऑफर भी मिला था, लेकिन उन्होंने नौकरी के बजाय यूपीएससी की तैयारी कर समाज के लोगों की सेवा करने का संकल्प लिया।इस दौरान योगेश के परिजन भी मौजूद रहे।

## टेक्सटाइल सेक्टर में छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी संभावनाएं, केंद्र करेगा हरसंभव सहयोग

**रायपुर, 5 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में टेक्सटाइल उद्योग के विस्तार, निवेश और रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति में टेक्सटाइल सेक्टर को दिए गए विशेष प्रोत्साहनों तथा इस क्षेत्र में आ रहे निवेश की जानकारी दी। दोनों नेताओं के बीच छत्तीसगढ़ को मध्य भारत के प्रमुख टेक्सटाइल और अपैरल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करने तथा आधुनिक तकनीक, डिजाइन और नवाचार को राज्य के पारंपरिक वस्त्र कौशल से जोड़ने को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में टेक्सटाइल सेक्टर के विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। राज्य सरकार ने औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में टेक्सटाइल सेक्टर को थ्रस्ट सेक्टर के रूप में शामिल किया है। इसके अंतर्गत इस क्षेत्र में निवेश करने वाले उद्यमियों के लिए आकर्षक प्रोत्साहन एवं अनुदान का प्रावधान किया गया है। इन प्रावधानों के परिणामस्वरूप टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ी है और प्रदेश में नई इकाइयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

## एक नजर

### तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ




**रायपुर, 5 सितम्बर।** तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम रायपुर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह आज तेरापंथ अमोलक भवन में आयोजित हुआ। अध्यक्ष अरुण सिपानी, सचिव प्रणय बुरड़ सहित 43 सदस्यीय कार्यकारिणी ने जैन संस्कार विधि के माध्यम से श्रावक-श्राविकाओं की गरिमामयी उपस्थिति में शपथ ग्रहण की। यह जानकारी सचिव प्रणय बुरड़ द्वारा दी गई।

### टीसीएस रूरल आईटी क्विज के विजेताओं को इनाम

**बिलासपुर, 5 सितम्बर।** टीसीएस के इस प्रतिष्ठित क्विज के 2026 संस्करण का मुख्य उद्देश्य भारत भर के छोटे शहरों और ग्रामीण जिलों के विद्यार्थियों के बीच तकनीकी जागरूकता का प्रसार करना है। ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए भारत के इस पहले आईटी क्विज को लिम्का बुक ऑफरिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता दी गई है। यह आज देश की सबसे बड़ी आईटी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में से एक बन चुका है, जो अब तक 22.4 मिलियन से अधिक छात्रों को अपने साथ जोड़ चुका है। सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं, कंसल्टिंग और व्यवसाय समाधान प्रदान करने वाली, विश्व स्तर की अग्रणी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और बीटी विभाग ने मिलकर 27वें टीसीएस रूरल आईटी क्विज के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू करने की घोषणा की है। बेंगलुरु टेक समिट 2026 के एक अहम हिस्से के रूप में आयोजित होने वाले इस क्विज में ऑनलाइन टेस्ट, वर्चुअल क्विज राउंड और आमने-सामने (इन-पर्सन) होने वाले मुकाबले शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में भारत भर के छोटे शहरों और ग्रामीण जिलों के कक्षा 8 से 12वीं तक के छात्र भाग ले सकते हैं। हालांकि, नगर निगम की सीमा में आने वाले स्कूलों के छात्र इसमें हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

### फर्जी आधार से खाते से निकाले 4.40 लाख रुपये

**रायपुर, 5 सितम्बर।** 4 सितंबर को दर्ज मामलों में तात्यापारा स्थित बैंक से फर्जी आधार कार्ड के जरिए 4.40 लाख रुपये निकालने का मामला सबसे गंभीर सामने आया। इसके अलावा पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में अवैध शराब, चाकू और प्रतिबंधित नशीली गोलियां जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। कोतवाली थाना क्षेत्र में आनंद कुंवर की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के मुताबिक 16 जुलाई को बैंक ऑफइंडिया, तात्यापारा शाखा में अज्ञात तीन लोगों ने प्रार्थी के नाम के जमा चेक का कथित तौर पर दुरुपयोग किया। आरोपियों ने प्रार्थी के नाम का फर्जी आधार कार्ड जमा कर उसके बैंक खाते से 4 लाख 40 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गुढ़ियारी में 84 नशीली गोलियां बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 5 सितम्बर।** गुढ़ियारी थाना पुलिस ने महेश भवन के बगल स्थित खाली मैदान में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के कब्जे से प्रतिबंधित नशीली टैबलेट नाइट्रोजेपाम की 84 गोलियां बरामद कीं। जब्त गोलियों की कीमत करीब 1,000 रुपये और बिक्री रकम 510 रुपये बताई गई है। पुलिस ने कुल 1,510 रुपये की सामग्री जब्त कर आरोपी के खिलाफनारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। एक ही दिन में राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई इन कार्रवाइयों से पुलिस की अवैध शराब, नशीले पदार्थ, हथियार और संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहने की तस्वीर सामने आई है।

### उरला में बाइक चोरी

**रायपुर, 5 सितम्बर।** उरला थाना क्षेत्र में 22 अगस्त को शराब दुकान के पास से हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज हुई। विनोद यादव की शिकायत के अनुसार उनकी सीजी 11 बीव्ही 6438 नंबर की बाइक, जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपये है, अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आजाद चौक में चाकू लेकर घूम रहा आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 5 सितम्बर।** आजाद चौक थाना पुलिस ने ईदगाह भाठा मैदान में एक व्यक्ति को अवैध रूप से चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत कार्रवाई की और चाकू जब्त कर गिरफ्तार किया।

# पीएससी मुख्य परीक्षा में पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना का कोई प्रावधान नहीं

**रायपुर, 5 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 के माध्यम से साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित अभ्यर्थियों की संख्या को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रांतियों को स्पष्ट किया है। आयोग ने कहा है कि राज्य सेवा परीक्षा-2025 में निर्धारित संख्या से कम अभ्यर्थियों का चिन्हांकन किसी त्रुटि के कारण नहीं, बल्कि निर्धारित न्यूनतम अर्हकारी अंक प्राप्त नहीं करने के कारण हुआ है।

आयोग के अनुसार, राज्य सेवा परीक्षा-2025 के विज्ञापन की कंडिका 3 (i1) एवं छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग प्रक्रिया नियम की कंडिका 7 के तहत प्रत्येक प्रश्न-पत्र में अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 33 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 23 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित अर्हकारी अंक प्राप्त नहीं किए जाने के कारण साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित अभ्यर्थियों की संख्या वांछित संख्या से कम हो सकती है। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 में भी इसी कारण 795 अभ्यर्थियों के स्थान पर कुल 608 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित किया गया है।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि विज्ञापन की कंडिका 11 (V) के अनुसार आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्गणना का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए किसी भी प्रश्न-पत्र के संबंध में पुनर्मूल्यांकन अथवा पुनर्गणना की प्रक्रिया नहीं की जा सकती।



### प्रश्नवार और पहचान रहित मूल्यांकन प्रक्रिया

आयोग ने कहा कि सभी लिखित परीक्षाओं का मूल्यांकन विषय विशेषज्ञों के माध्यम से गंभीरता और निष्पक्षता के साथ कराया जाता है। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा में प्रश्नवार मूल्यांकन की प्रक्रिया अपनाई जाती है, जो पूरी तरह पहचान रहित होती है। इससे मूल्यांकन कार्य में शामिल किसी भी व्यक्ति के लिए यह जानना संभव नहीं होता कि संबंधित उत्तर पुस्तिका किस अभ्यर्थी की है। आयोग के अनुसार, प्रत्येक अभ्यर्थी की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में बड़ी संख्या में विषय विशेषज्ञ मूल्यांकनकर्ता शामिल होते हैं। निर्धारित प्रक्रिया, नियमों एवं निर्देशों के माध्यम से मूल्यांकन की शुचिता, गोपनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जाती है।

### वेबसाइट पर उपलब्ध होगी मेरिट सूची और कट ऑफ

आयोग ने बताया कि चयन परिणाम जारी होने के बाद प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों की मेरिट सूची तथा मुख्य परीक्षा की कट ऑफआयोग की वेबसाइट पर जारी की जाती है। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रारंभिक परीक्षा की ओएमआर उत्तर पत्रक तथा मुख्य परीक्षा की प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका की प्रति प्राप्त कर अपने परीक्षा परिणाम के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### भ्रामक जानकारी से प्रभावित न होने की अपील

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से प्रसारित की जा रही भ्रामक जानकारियों से प्रभावित न हों। आयोग ने कहा कि राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 के माध्यम से साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों के चिन्हांकन की प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं निर्देशों के अनुरूप पूर्णतः सही ढंग से की गई है।

# ड्राई-डे पर चोरी-छिपे शराब बिक्री, बार संचालक गिरफ्तार

**रायपुर, 5 सितम्बर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर घोषित शुष्क दिवस के बावजूद शराब बिक्री का मामला सामने आया है। मौदहापारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्लैटिनम बार के संचालक पलाश मल्होत्रा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से शराब की बोतल और बिक्री से मिली नकदी बरामद की है। वहीं बार के सुरक्षा गार्ड की भूमिका की भी जांच की जा रही है।



पुलिस के मुताबिक, 4 सितंबर को जन्माष्टमी के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया था। इस दौरान शराब की बिक्री और परोसने पर प्रतिबंध था। इसी बीच मौदहापारा पुलिस को सूचना मिली कि गली नंबर एक, पूनम होटल के सामने स्थित प्लैटिनम बार से चोरी-छिपे शराब निकालकर ग्राहकों को बाहर बेची जा रही है।

सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने बार की गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू की। पुलिस को पूर्व में भी बार से संबंधित शिकायतें मिलने की बात सामने आई है। निगरानी के दौरान पुलिस ने रात करीब 10:30 बजे कार्रवाई करते हुए बार संचालक पलाश मल्होत्रा को शराब बेचते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 750 एमएल की सिमरन ऑफ मिन्टी जामुन अंग्रेजी शराब की एक बोतल बरामद की, जिसकी कीमत 1150 रुपये बताई गई है। इसके अलावा शराब बिक्री से प्राप्त 2300 रुपये नकद भी जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार शराब और नकदी की कुल कीमत 3450 रुपये है।

### सुरक्षा गार्ड की भूमिका की जांच

पुलिस ने बार के सुरक्षा गार्ड की भूमिका को भी जांच के दायरे में लिया है। शराब को बार से बाहर निकालने और ग्राहकों तक पहुंचाने में उसकी भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक गार्ड के खिलाफप्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।

### आबकारी विभाग को भेजा जाएगा प्रतिवेदन

शुष्क दिवस के आदेश का उल्लंघन सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। संचालक के खिलाफकार्रवाई के साथ ही आबकारी विभाग को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। इसमें प्लैटिनम बार के लाइसेंस को निलंबित या निरस्त करने की कार्रवाई प्रस्तावित की जा सकती है। लाइसेंस को लेकर अंतिम निर्णय आबकारी विभाग द्वारा लिया जाएगा।

### डीडी नगर में 66 पाव देशी शराब जब्त

**रायपुर, 5 सितम्बर।** दीनदयाल उपाध्याय नगर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 66 पाव देशी शराब जब्त की। जोरापारा में सुलभ के पास से 34 पाव शराब, जिसकी कीमत 3,400 रुपये बताई गई है, बरामद की गई। वहीं महादेव घाट के पास विसर्जन कुंड क्षेत्र में 32 पाव देशी शराब और 150 रुपये बिक्री रकम जब्त की गई। दोनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### किरण सिंह देव की सेहत में सुधार

**रायपुर, 5 सितम्बर।** सड़क हादसे में घायल छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जल्द ही अस्पताल से डिस्चार्ज होने वाले है। उनके स्वास्थ्य अब बेहतर बताया जा रहा है. डॉक्टरों की निगरानी में उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है. इस महीने 12 या 13 सितंबर को वह छत्तीसगढ़ लौट सकते हैं. दिल्ली से प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव बस्तर जिला भाजपा की कार्यसमिति की बैठक में मोबाइल के जरिए जुड़े।



इस दौरान उन्होंने करीब 7 मीनट तक बैठक को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि सेवा और समर्पण से संगठन मजबूत होता है. व्यक्तिगत परिस्थितियां कैसी भी हों, संगठन और समाजसेवा का संकल्प सर्वोपरि है. देव ने कार्यकर्ताओं को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कर्मपथ पर निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# रायपुर में बीजेपी ओबीसी मोर्चा का बड़ा सम्मेलन 7 को

## मुख्यमंत्री साय होंगे मुख्य अतिथि, जुटेंगे दिग्गज नेता और कार्यकर्ता

**रायपुर, 5 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा की ओर से राजधानी रायपुर में 7 सितंबर को प्रबुद्धजन सम्मान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, साइंस कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू करेंगे, जबकि प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय मुख्य वक्ता होंगे।



**प्रबुद्धजनों का होगा सम्मान:** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अशोक सिन्हा ने पत्रकार वार्ता में सम्मेलन की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रबुद्धजनों को सम्मानित करना और भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार करना है। उन्होंने बताया कि शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, व्यवसाय, सामाजिक सेवा, कृषि, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में समाज और प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

**सामाजिक सहभागिता और संवाद पर जोर:** अशोक सिन्हा ने कहा कि सम्मेलन के जरिए सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने के साथ समाज के प्रबुद्ध वर्ग और संगठन के बीच संवाद को और प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने पर भी जोर दिया जाएगा।

**कई वरिष्ठ नेता होंगे शामिल:** सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, श्यामबिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े और टंकराम वर्मा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी तथा विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्धजन भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

**रायपुर संभाग के जिलों से पहुंचेंगे कार्यकर्ता:** ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ने बताया कि सम्मेलन में रायपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जिलों से मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आमंत्रण, अतिथि समन्वय, बैठक व्यवस्था, मंच सज्जा, स्वागत, यातायात प्रबंधन और कार्यकर्ताओं की सहभागिता समेत विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर मोर्चा के पदाधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं।

### अवैध एवं असुरक्षित फ्लैक्स-बैनर से गंभीर दुर्घटना का खतरा

**रायपुर, 5 सितम्बर।** नगर पालिक निगम रायपुर ने शहर में लगाए जाने वाले फ्लैक्स एवं बैनर को लेकर नागरिकों, व्यापारियों एवं विज्ञापनदाताओं से जनहित एवं नागरिक सुरक्षा की दृष्टि से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। शहर में बिना अनुमति लगाए गए अथवा असुरक्षित तरीके से लगाए गए फ्लैक्स एवं बैनर न केवल शहर की सुंदरता एवं व्यवस्थित स्वरूप को प्रभावित करते हैं, बल्कि नागरिकों के लिए गंभीर सुरक्षा जोखिम भी पैदा कर सकते हैं। विशेष रूप से कटे-फटे, ढीले अथवा कमजोर तरीके से लगाए गए फ्लैक्स एवं बैनर तेज हवा, बारिश एवं खराब मौसम में उड़कर या गिरकर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। सड़क एवं फुटपाथ के आसपास लगे ऐसे फ्लैक्स दो-पहिया एवं चार-पहिया वाहन चालकों की दृश्यता बाधित कर सकते हैं, जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। वहीं इनके गिरने अथवा उड़ने से पैदल यात्रियों को भी गंभीर चोट लगने का खतरा रहता है। अनधिकृत रूप से लगाए गए फ्लैक्स एवं बैनरों में उनके स्ट्रक्चर, फिक्सिंग, मजबूती एवं स्थापना स्थल की सुरक्षा का समुचित परीक्षण नहीं हो पाता। इसलिए इनका अनियंत्रित एवं असुरक्षित उपयोग जनसुरक्षा के लिए गंभीर समस्या बन सकता है।

### मौन प्रदर्शन



**रायपुर, 5 सितम्बर।** आज अंबेडकर चौक के पास शिक्षक भर्ती में विलंब को लेकर कांग्रेस द्वारा मौन प्रदर्शन किया गया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जयंती पर उन्हें याद किया गया। भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के कुल 50,472 पद रिक्त हैं। यह जानकारी हाल ही में विधानसभा में शिक्षा विभाग द्वारा दी गई थी। श्रेणी के अनुसार सहायक शिक्षक के 30,172 पद खाली हैं। शिक्षक के 11,787 पद खाली हैं। व्याख्याता (लेक्चरर) के 8,513 पद खाली हैं। भाजपा सरकार में शिक्षक भर्ती में विलंब को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन जी के नेतृत्व में मौन प्रदर्शन कार्यक्रम रखा गया है।

### महापौर मीनल चौबे के खिलाफ अभद्र भाषा का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 5 अगस्त।** राजधानी रायपुर में महापौर मीनल चौबे के खिलाफ सोशल मीडिया वीडियो में कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी विनय माहेश्वरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को देवपुरी इलाके से पकड़ा है। मामला बारिश के बाद शहर में जलभराव और सड़कों की स्थिति को लेकर बनाए गए एक सोशल मीडिया वीडियो से जुड़ा है। वीडियो में शहर की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए गए थे। इसी दौरान महापौर मीनल चौबे के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगा।

वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा पार्षद दल ने आपत्ति जताते हुए सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने वीडियो से जुड़े डिजिटल साक्ष्यों की पड़ताल की। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस को विनय माहेश्वरी के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद टीम ने देवपुरी क्षेत्र में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि वीडियो किस उद्देश्य से बनाया गया और इसे सोशल मीडिया पर किन-किन माध्यमों से प्रसारित किया गया। पुलिस ने लोगों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने और किसी भी व्यक्ति के खिलाफ आपत्तिजनक या अपमानजनक सामग्री पोस्ट अथवा शेयर नहीं करने की अपील की है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

**पहल** — राज्य पॉवर कंपनी ने शुरू की प्रक्रिया, उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए मोर बिजली ऐप से घर बैठे होगी ई-केवाईसी

# बिजली उपभोक्ताओं को कराना होगा ई-केवाईसी

**रायपुर, 5 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में बिजली कनेक्शन रखने वाले करीब 65 लाख उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। घरेलू, गैर-घरेलू समेत बिजली उपभोक्ताओं की सभी श्रेणियों को अपने कनेक्शन का ई-केवाईसी पूरा करना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है और उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए मोर बिजली ऐप के जरिए घर बैठे ई-केवाईसी की व्यवस्था की गई है। पॉवर कंपनी के मुताबिक, मोबाइल से ई-केवाईसी की प्रक्रिया बेहद आसान रखी गई है और सामान्य तौर पर इसे पूरा करने में करीब एक मिनट या उससे भी कम समय लग सकता है। इसके अलावा प्रदेशभर के बिजली दफ्तरों और डीसी सेंटरों में भी उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।



उपभोक्ता अपने मोबाइल में मोर बिजली ऐप के माध्यम से खुद भी ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके लिए ऐप में आधार आधारित प्रक्रिया उपलब्ध कराई गई है। ई-केवाईसी के दौरान उपभोक्ता को अपना आधार नंबर और बिजली कनेक्शन का बीपी नंबर दर्ज करना होगा। इसके बाद आधार कार्ड में दर्ज नाम और बिजली कनेक्शन में दर्ज नाम का मिलान किया जाएगा। प्रक्रिया के अगले चरण में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा।

ओटीपी सत्यापित होने के बाद मोबाइल कैमरे के जरिए फेस वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चेहरे की तस्वीर लेने के बाद ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। यानी उपभोक्ताओं को किसी चॉइस सेंटर में जाकर लंबी कतार लगाने की जरूरत नहीं होगी।

**बिजली दफ्तरों और डीसी सेंटरों में भी बने काउंटर:** जो उपभोक्ता खुद ऑनलाइन ई-केवाईसी नहीं कर पाएं, वे अपने क्षेत्र के पॉवर कंपनी के डीसी सेंटर में जाकर यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके लिए कई केंद्रों पर अलग काउंटर बनाए जा रहे हैं। इन केंद्रों पर आधार आधारित फेस वेरिफिकेशन के साथ थंब वेरिफिकेशन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उपभोक्ताओं को यहां अपना आधार कार्ड और बिजली बिल साथ लेकर जाना होगा, जिससे कनेक्शन का बीपी नंबर आसानी से प्राप्त किया जा सके।

### सिर्फ आधार और बिजली कनेक्शन का बीपी नंबर जरूरी

पॉवर कंपनी ने ई-केवाईसी की प्रक्रिया में आवश्यक दस्तावेजों की संख्या भी सीमित रखी है। इसके लिए मुख्य रूप से आधार कार्ड और बिजली कनेक्शन का बीपी नंबर जरूरी होगा। उपभोक्ता अपना बीपी नंबर बिजली बिल से प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोग मोबाइल के जरिए खुद ही प्रक्रिया पूरी कर सकें, ताकि बिजली दफ्तरों में अनावश्यक भीड़ न बढ़े।

### 5 हजार से ज्यादा मीटर रीडर भी करेंगे मदद

ई-केवाईसी अभियान को तेज करने के लिए पॉवर कंपनी ने 5 हजार से अधिक मीटर रीडरों को भी इस काम से जोड़ने का फैसला किया है। मीटर रीडर महीने के करीब 15 दिन नियमित मीटर रीडिंग का काम करेंगे, जबकि बाकी 15 दिन उपभोक्ताओं के घर जाकर ई-केवाईसी कराने में उनकी मदद करेंगे। इस व्यवस्था से उन उपभोक्ताओं को भी सुविधा मिलने की उम्मीद है, जिन्हें मोबाइल ऐप के जरिए ई-केवाईसी करने में परेशानी हो सकती है।

# व्यापारी संघ ने शिक्षक दिवस पर प्राचार्य शर्मा का किया सम्मान



**रायपुर, 5 सितम्बर।** आज शिक्षक दिवस के अवसर पर अवंती विहार व्यापारी संघ द्वारा आस्था पब्लिक स्कूल की प्राचार्य श्रीमती उमा शर्मा एवं शाला की सभी शिक्षिकाओं का शाल श्रीफल भेंट कर मोती की माला पहनाकर सम्मान किया , उक्त जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि शिक्षक हमें न केवल ज्ञान देते हैं बल्कि शिक्षा के साथ  साथ संस्कार देकर संस्कारवान इंसान बनाकर हमें देश का जिम्मेदार नागरिक बनाने का भी कार्य करते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी,महामंत्री किशोर चंद नायक, उपाध्यक्ष सुब्रत घोष, गोविंद शर्मा,शैलेंद्र रोतरे,इंद्रपाल सिंह तोमर हरीश लोकवाणी सहित साल की शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26